राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर, विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
+9198523 15231
+91 9625958256

Epaper :https://dainikshubhbhaskar.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

https://shubhbhaskar.com

उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से एक साथ प्रसारित

• वर्ष : 1 • अंक : 294 • नई दिल्ली, 17 अक्टूबर 2024 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 04 रुपये, RNI.NO. UPHIN/2015/64737



# पीएम मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य पार्टी के सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति देते हुए भाजपा का प्रथम सक्रिय सदस्य बनने पर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं। यह एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या एक विधानसभा क्षेत्र में 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई अवसर मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इस सदस्यता अभियान को 'संगठन पर्व सदस्यता अभियान–2024' नाम दिया है। दो सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान के तय कार्यक्रम के अनुसार इसका पहला चरण 25 सितंबर को और दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हो चुका है।



## पीएम ने एनएसजी के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के स्थापना दिवस पर जवानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में एनएसजी के योगदान पर हर देशवासी को गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा है,'' एनएसजी स्थापना दिवस के अवसर पर भारत राष्ट्र की सुरक्षा में उनके अटूट समर्पण, साहस और दृढ़ संकल्प के लिए सभी एनएसजी कर्मियों को सलाम करता है। हमारे राष्ट्र को खतरों से बचाने की उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। वे वीरता और व्यावसायिकता का प्रतीक हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह में शामिल होंगे मोदी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी 17 अक्टूबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के समारोह में भाग लेंगे। अभिधम्म दिवस, अभिधम्म की शिक्षा देने के बाद भगवान बुद्ध के दिव्य लोक से अवतरण की याद दिलाता है। हाल ही में पाली सहित पांच भाषाओं को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता मिलने से इस वर्ष के अभिधम्म दिवस समारोह का महत्व बढ़ गया है क्योंकि अभिधम्म पर भगवान बुद्ध की शिक्षाएं मूल रूप से पाली भाषा में उपलब्ध हैं। भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह में 14 देशों के शिक्षाविदों और भिक्षुओं तथा भारत भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से बुद्ध धम्म पर महत्वपूर्ण संख्या में युवा विशेषज्ञ भाग लेंगे।प्रधानमंत्री मोदी अभिधम्म दिवस के महत्व, पाली भाषा के महत्व और बुद्ध धम्म की समृद्ध विरासत के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए सरकार के प्रयासों पर अपने विचार रखेंगे। इस समारोह को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष रूप से संबोधित करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी इस समारोह में मौजूद रहेंगे।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3 अक्टूबर को मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया। इसके साथ ही अब 11 शास्त्रीय भाषाएं हो गई हैं। पांच भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर पीएम मोदी ने बधाई दी है। भारत सरकार ने 12 अक्टूबर 2004 को शास्त्रीय भाषा श्रेणी की शुरुआत की, इसमें सबसे पहले तमिल को शास्त्रीय भाषा घोषित किया गया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई

- आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव पर होगी अवमानना की कार्रवाई
- दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से लोग हो रहे परेशान



एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले आदेश का पालन नहीं किए जाने को लेकर बुधवार 16 अक्टूबर को हरियाणा और पंजाब सरकार को जबरदस्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा कि यदि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि आखिर पराली जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने और नाममात्र को जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ने से राज्य क्यों कतरा रहा है? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह का समय देने की बात कहते हुए कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेंगे। कोर्ट के इस सवाल पर कि आप लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतराते हैं? हरियाणा के वकील ने बताया कि हमने इस साल करीब 17 के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

**कानून का उल्लंघन करने वालों पर एक भी मुकदमा नहीं** : सुप्रीम कोर्ट ने जहां यह कहा कि आयोग का कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण से निपटने के लिए योग्य नहीं हैं वहीं इस बात को लेकर हैरानी भी जताई कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया यहां तक कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभी तक एक भी मुकदमा नहीं चलाया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सब कुछ महज कागज़ों पर चल रहा है। पराली जलाने वालों को रोकने में असफल रहने के चलते सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दे दिया।

**नाममात्र का जुर्माना और कुछ नहीं** : सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आप तो नाममात्र का जुर्माना ले रहे हैं। हद यह है कि इसरो आपको बता रहा कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि कानून उल्लंघन के 191 मामले आए और आपने सिर्फ़ नाममात्र का जुर्माना लिया। एनसीटी क्षेत्र अधिनियम के तहत आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### निज्जर मामले में भारत को सहयोग करना चाहिए : अमेरिका

**वाशिंगटन**। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले में भारत और कनाडा की लंबे समय से



तनातनी चल रही है। कनाडा ने पहले हत्या की साजिश में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। अब कनाडा कह रहा है कि इस मामले की जांच में भारत सहयोग नहीं कर रहा है। अब इस विवाद में अमेरिका की भी इंट्री हो गई है। अमेरिका ने भारत को सलाह देते हुए कहा कि जांच में भारत को सहयोग करना चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाए हैं कि भारतीय एजेंसियों ने कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या की साजिश रची। कनाडा के इस आरोप के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद बढ़ गया है, और इस मामले में अमेरिका भी हस्तक्षेप कर चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा है कि भारत को इस मामले में कनाडा की जांच में सहयोग करना चाहिए। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि कनाडा के लगाए गए आरोपों को भारत को गंभीरता से लेना चाहिए। हालांकि, भारत ने कनाडा के इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे निराधार बताया और कहा कि उसने कोई साक्ष्य साझा नहीं किए हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने इस विवाद के बीच भारत के खिलाफ पाबंदी लगाने की संभावना भी व्यक्त की है, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ सकता है। भारत ने स्पष्ट किया कि कनाडा के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है और यह देश में भारतीय एजेंटों से जुड़े किसी भी अपराध से संबंधित नहीं है।

### पहली पत्नी के निधन के बाद बाबूजी हो गए थे दुखी और उदास

**नई दिल्ली**। अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति के एक एपिसोड में अपने पिता हरिवंश



राय बच्चन से जुड़े एक भावुक किस्से को साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके पिता की दो शादियों हुई थीं, जिसमें पहली पत्नी श्यामा के निधन के बाद उनके बाबूजी की जिंदगी पर आए गहरे दुख और फिर तेजी बच्चन से उनकी मुलाकात के बारे में बताया। अमिताभ ने बताया कि उनकी पहली मां श्यामा के निधन के बाद, हरिवंश राय बच्चन दुखी और उदास रहने लगे। उन्होंने इस दुख को अपनी कविताओं में बयां किया। कुछ सालों बाद, उन्होंने कवि सम्मेलनों में भाग लेना शुरू कर दिया। इसी दौरान, बरेली में एक दोस्त के बुलावे पर हरिवंश राय बच्चन की मुलाकात तेजी बच्चन से हुई थी। अमिताभ ने बताया कि जब उनके बाबूजी ने एक कविता सुनाई, जिसका शीर्षक था क्या करूं संवेदना लेकर तुम्हारी, तो तेजी बच्चन इसे सुनकर भावुक हो गईं और रोने लगीं। बाबूजी के दोस्त ने तेजी और हरिवंश राय बच्चन को एकांत में बात करने का मौका दिया और कुछ देर बाद उन्हें एक माला दी और सुझाव दिया कि वह इसे तेजी को पहना दें। यहीं से उनके रिश्ते की शुरुआत हुई और फिर हरिवंश राय बच्चन ने अपनी आगे की जिंदगी तेजी बच्चन के साथ बिताने का फैसला लिया।

# केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के डीए-डीआर में तीन प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी। नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने 01 जुलाई से अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत का इजाफा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महंगाई की भरपाई के लिए मूल वेतन या पेंशन की 50 प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। सरकार के अनुसार यह वृद्धि 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है। डीए और डीआर के चलते सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 9,448.35 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इससे करीब 49.18 लाख कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा।

**केंद्र ने उत्तर प्रदेश में 2,642 करोड़ की रेल परियोजना को दी मंजूरीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में 2,642 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी गयी। इस परियोजना में गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मालवीय पुल 137 साल पुराना है। अब एक नया पुल बनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें निचले डेक पर 4 रेलवे लाइनें और ऊपरी डेक पर 6-लेन राजमार्ग होगा। यातायात क्षमता के मामले में यह दुनिया के सबसे बड़े पुलों में गिना जाएगा। यह पुल वाराणसी में 2642 करोड रुपये की लागत से चार साल में बनकर तैयार होगा। सेतु को अगले डेढ़ सौ सालों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है।

## रबी सीजन के लिए फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी



**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए सभी अनिवार्य फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने आज एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विन वैष्णव ने बताया कि सरकार ने उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए एमएसपी में वृद्धि की है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी रेपसीड और सरसों में 300 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। फैसलों के अनुसार गेहूं पर एमएसपी में 150 रुपये की बढ़ोतरी की गई है और अब पिछले वर्ष के 2,275 रुपये से बढ़कर इस वर्ष 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। जौ पर एमएसपी में 130 रुपये की बढ़ोतरी की गई है और यह 1850 से बढ़कर 1980 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। चने पर एमएसपी में 210 रुपये की बढ़ोतरी की है और यह 5440 से बढ़कर 5650 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। मसूर की एमएसपी में 275 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

# पाकिस्तान में एससीओ की बैठक में विदेश मंत्री ने कहा, आतंक और व्यापार साथ-साथ नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में याद दिलाया कि संगठन के चार्टर में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को स्पष्ट रूप से चुनौती माना गया है। ऐसे में सीमा पार से इस तरह की गतिविधियां होती रहेंगी तो सहयोग विशेषकर क्षेत्रीय सहयोग संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा, "यदि सीमा पार की गतिविधियां- आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद होंगी तो समानांतर रूप से व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान के प्रोत्साहन की संभावना नहीं होंगी।" एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थान पर बैठक में शिरकत करने पहुंचे कल यहां पहुंचे थे। आज एससीओ की बैठक में विदेश मंत्री ने कहा कि सहयोग एकतरफा एजेंडे पर नहीं बल्कि वास्तविक साझेदारियों पर बनाया जाना चाहिए। हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वयंसिद्ध है कि विकास और प्रगति के लिए शांति और स्थिरता की आवश्यकता होती है। और जैसा कि चार्टर में कहा गया है, इसका मतलब है 'तीन बुराइयों' का मुकाबला करने में दृढ़ता से करना और इनसे समझौता न करना। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों की बीच जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता वृद्धि और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण समय है। प्रौद्योगिकी बड़ी संभावनाएं रखती है, लेकिन साथ ही नई चिंताओं को भी जन्म देती है। एससीओ के सदस्यों को इन चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए इसपर विचार करना होगा। विदेश मंत्री ने इस दौरान वैश्विक संस्थाओं में बदलाव की मांग को दोहराया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में व्यापक सुधार आवश्यक है। भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी अपनी वैश्विक पहल और राष्ट्रीय प्रयास भी एससीओ के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देता है।

## अकासा एयर की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट में बम की धमकी, वापस दिल्ली डायवर्ट

**नई दिल्ली**। अकासा एयर की दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट को बम की धमकी मिली है। इस फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है। इसे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कई एयरलाइनों को ऐसी धमकियां मिली हैं। सात क्रू मेंबर सहित 174 यात्रियों को ले जा रही इस एयरलाइन की फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है, जिसको दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों में विमानों में बम की धमकी की ये 12वीं घटना है। अकासा एयर को सोशल मीडिया के जरिए बम की धमकी मिली थी।

# नायब सैनी होंगे हरियाणा के अगले सीएम

- शाह और मोहन यादव की मौजूदगी में हुई विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला



एजेंसी। पंचकुला

हरियाणा में सियासी हलचल के बीच, नायब सिंह सैनी को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद ज़िम्मेदारी सौंपे जाने का फैसला ले लिया गया है। यह फैसला विधायक दल की बैठक में लिया गया, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मौजूद थे। विधायक दल की अहम बैठक में सर्वसम्मति से नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने के फैसले पर पर मुहर लगा दी गई। इसके साथ ही अब सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। हरियाणा में सैनी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा को सैनी के नेतृत्व में ही बड़ा जनसमर्थन हासिल हुआ है, ऐसे में उनके मुख्यमंत्री बनने की दावेदारी मजबूत रही है। इसके साथ ही हरियाणा में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के साथ ही अब कैबिनेट के चेहरे तय होना बाकी है। इससे पहले सीएम पद पर फंसी पेंच को सुलझाने पार्टी के बड़े नेता हरियाणा पहुंचे और पंचकुला में विधायक दल की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से सैनी को अलगा मुख्यमंत्री घोषित कर दिया गया। विधायक दल की बैठक में 48 विधायक सहित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हुए। यहां बताते चलें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को 90 में से 48 सीटें मिली हैं, जबकि कांग्रेस ने 37 सीटों पर जीत हासिल की है। ऐसे में भाजपा ने लगातार तीसरी बार राज्य में अपना कब्जा जमाया और अब वह सैनी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है।

# उमर अब्दुल्ला ने ली जम्मू-कश्मीर के सीएम पद की शपथ, राहुल-प्रियंका रहे मौजूद

एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है। बुधवार को नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद रहे। उमर दूसरी बार जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री बने हैं। यह समारोह राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से काफी खास रहा। इस समारोह में केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियां मौजूद थीं । समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी ने इस शपथ ग्रहण को और भी खास बना दिया। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले, और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह इस शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने पहुंचे थे। इस मौके पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की उपस्थिति ने राजनीतिक समीकरणों पर नई चर्चा को जन्म दे दिया है।

## प्रधानमंत्री ने उमर अब्दुल्ला को बधाई दी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, "उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। लोगों की सेवा करने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं। केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा।

## बिहार के सीवान में जहरीली शराब पीने से चार की मौत, 11 बीमार

**पटना/सीवान**। बिहार में सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत कौड़ियां पंचायत और आसपास के गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में चार लोगों की मौत हो गई है। ग्यारह बीमार व्यक्तियों को समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना भेजा गया है। इनमें से सदर अस्पताल में आठ व्यक्तियों का इलाज जारी है। इस घटना के बाद से जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। मृतकों के परिजनों के अनुसार 12 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। महाराजगंज के एसडीएम अनिल कुमार ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया शराब पीने से मौत लग रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतकों में कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह (40), रामेंद्र सिंह (30), माघर पोखरा के संतोष महतो (35) और मुन्ना कुमार (32) हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह की रात में ही परिजनों ने अंत्येष्टि कर दी। दो लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना को लेकर सीवान के डीएम मुकुल कुमार गुप्ता और एसपी अमितेश कुमार घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

## खालिस्तानी समर्थक जस्टिन ट्रूडो के आते ही गर्त में गए भारत-कनाडा के रिश्ते

**नई दिल्ली**। खालिस्तानी आतंकवादियों के मुद्दे पर भारत और कनाडा के रिश्तें बिगाड़ते जा रहे है। कनाडा ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय राजनयिक की ओर उंगली उठाई, इस पर भारत ने नाराजगी जताकर अपने कुछ उच्चायुक्त को वापस बुलाया। इसके साथ ही, भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित भी कर दिया। उसके बाद कनाडा ने पश्चिमी देशों में भारत के खिलाफ गुटबंदी की कोशिशें तेज की हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की है। ट्रूडो ने अपने विदेश मंत्री को अमेरिका और पश्चिमी देशों के उच्च पदस्थ अधिकारियों से संपर्क साधकर भारत के खिलाफ मौहाल तैयार करने के निर्देश दिए है। भारत ने भी ट्रूडो के नफरती इरादों पर पानी फेरने की तैयारी कर ली है। दरअसल, ट्रूडो जब 2015 में कनाडा के प्रधानमंत्री बने तब से ही भारत के साथ कनाडा के रिश्तों में खटास आने लगी। ट्रूडो से पहले के कनाडाई प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने भारत के साथ अच्छे संबंध रखे थे, लेकिन ट्रूडो ने भारत के प्रति उदासीनता दिखाई।

## ख़ास ख़बर

### दिव्यांगों का बनाया जायेगा यूडीआईडी कार्ड, मिलेगी बैटी से चलने वाली ट्राइ-साईकिल

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार) 16 अक्टूबर 2024:-**
जिला पदाधिकारी अमन समीर के निदेश के आलोक में जिला दिव्यांगजन सशक्तिरण कोषांग अन्तर्गत संचालित योजना दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं यू.डी.आई.डी कार्ड निर्माण तथा बैट्री चालित ट्राइसाईकिल के आवेदन हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा । बुनियाद केन्द्र सदर, बुनियाद केंद्र मढ़ौरा एवं बुनियाद केन्द्र दिघवारा, सोनपुर में 23, 24 एवं 25 अक्टूबर 2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें संबंधित लाभुक अपना आवेदन दे सकेंगे। शिविर के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्वों को निर्धारित किया गया है। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी शिविर के नियंत्री पदाधिकारी होंगे। शिविर के सफल संचालन हेतु संबंधित बुनियाद केन्द्र प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। शिविर हेतु हॉल, विद्युत आपूर्ति तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। शिविर में चिकित्सकों, विशेषज्ञों तथा दिव्यांगजनों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### कई कांडों में फरार चल रहे नक्सली गिरफ्तार

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** जिले के कासमा पुलिस ने कई कांडों में फरार नक्सली दुगुल टोला जगरूप विगहा निवासी तपेश्वर भुइयां उर्फ कपिल भुइयां को गिरफ्तार किया।प्रेस वार्ता में एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम को तपेश्वर भुइयां को दुगुल गांव टोला जगरूप विगहा में आने की सूचना मिली।और त्वरित कार्रवाई करते हुए दलबल के साथ घेराबंदी किया। और खजूर के पत्ते से बने झोपड़ी से गिरफ्तार किया गया।इन्होंने बताया कि कासमा ,खुदवा,सलैया, मदनपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी का आरोपित है। छापामारी टीम में पुअनि राजीव कुमार, लल्लन प्रसाद यादव,सअनि अरुण कुमार सिंह,पीटीसी नवीन कुमार,उपेंद्र महतो,सिपाही मनीष कुमार, राजनिगम कुमार,गोविंद सिंह कुशवाहा,दिवाकर ठाकुर,उपेंद्र कुमार,गुड्डू कुमार, ओमप्रकाश पासवान थे।



### एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छोटी देवी प्रखंड संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद बिहार 16 अक्टूबर 2024:** नबीनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 रामनगर गांव निवासी शंभू सिंह के पुत्र अमन कुमार को एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया।एसएसबी भलुआही के निरीक्षक अनुज कुमार पाठक ने बताया कि एसएसबी 29 वीं वाहिनी गया के कमांडेंट एच के गुप्ता के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर नवीनगर थाना पुलिस के एसआई संजय कुमार के सहयोग से रामनगर गांव में छापेमारी कर एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ अमन कुमार को पकड़ा गया। निरीक्षक अनुज कुमार पाठक ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्रवाई हेतु नवीनगर थाना को सौंप दिया गया है।



### आर्मी में चयनित छात्र को किया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छोटी देवी प्रखंड संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद बिहार 16 अक्टूबर 2024:** सोखा बाबा मंदिर के निकट स्थित नीरज प्रतियोगिता क्लास के छात्र दिवाकर कुमार सिंह का इंडियन आर्मी में क्लर्क के पद पर चयन होने पर संचालक नीरज कुमार के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कन्या उच्च विद्यालय के शिक्षक सरोज कुमार रहे। संचालक नीरज कुमार ने बताया कि नबीनगर प्रखंड के बसडीहा पंचायत के मुनगा गांव निवासी दिलीप कुमार सिंह के पुत्र दिवाकर कुमार सिंह का चयन इंडियन आर्मी में क्लर्क के पद पर हुआ है। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षक सरोज कुमार ने कहा कि कठिन परिश्रम से सफलता मिलती है। निरंतर प्रयास करने वालों छात्र-छात्राओं को सफलता अवश्य मिलती है। विदार्थी जीवन में कठिनाईयां बहुत आती है लेकिन सफल छात्र वहीं है जो सारे कठिनाईयों को पारकर अपने मंजिल को हासिल करता है। दिवाकर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ शिक्षक नीरज के साथ अन्य गुरूजनों को दिया।

# जहरीली शराब पीने से एक की मौत, दो की हालत नाजुक

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)16 अक्टूबर 2024:-**
मशरक थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से जहां एक युवक की मौत हो गई,वही उसके दो भाई गंभीर स्थिति में पीएमसीएच रेफर किए गए । जिनकी आंखों की रौशनी चली गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार उनके द्वारा छपरा-सिवान के सीमा क्षेत्र भगवानपुर हाट से शराब लाकर पिया गया था। मृतक मशरक थाना क्षेत्र के ब्राहीमपुर गांव निवासी लतीफ मियां का 30 वर्षीय पुत्र इस्लामुद्दीन बताया गया जबकि इलाजरत उसके दो चचेरे भाई अलीराज अंसारी का 26 वर्षीय पुत्र शमशाद अंसारी तथा अलीम अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र मुमताज अंसारी शामिल है, जिसमे मुमताज की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस संदर्भ में उनके परिजनों ने बताया कि बीती रात सभी लोग मछली मारने के लिए एक तालाब में गए थे और वहीं से मछली मारकर चुलाई शराब पी थी। जिसके बाद देर रात तक सब कुछ सामान्य रहा सुबह में जब इस्लामुद्दीन की मौत हो गई। तब डर कर घायलों ने अपने परिजनो को बताया कि हम लोग भी शराब पिए हुए हैं और आंखों से कम दिखाई दे रहा है। जिसके बाद परिजन उन्हें



इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर नवनीत कुमार ने बताया कि दोनों को धुंधला दिखाई दे रहा है, जिसको लेकर आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता को बुलाया गया। वही जांच उपरांत डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि मुमताज और शमशाद दोनों के आंखों में समस्या आई है और स्थिति बिगड़ रही है। जिसको देखते ही उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है, वहीं सूचना के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएसपी राकेश कुमार सिंह छपरा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। फिलहाल मामला किसी जहरीले तरल पदार्थ के सेवन का प्रतीत हो रहा है,दो लोगों का इलाज चल रहा है जबकि एक युवक की मौत हुई है।


## एनटीपीसी ने शुरू कराया ग्रामीण विद्यालय के निर्माण का कार्य

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छोटी देवी,प्रखंड संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद बिहार 16 अक्टूबर 2024:** एनटीपीसी बिजली परियोजना के सीईओ चन्दन कुमार सामंता ने बुधवार रघुनाथपुर गांव में प्रारम्भिक विद्यालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।सीईओ नें बताया की प्रारंभिक विद्यालय के निर्माण का कार्य नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत कराया जा रहा है।सीईओ नें बताया की विद्यालय का निर्माण होने से रघुनाथपुर समेत आस पास के सभी गांवो के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में वरदान साबित होगा और शिक्षा के विकास एवं विस्तार में जरुरी भूमिका निभाएगा।सीईओ नें कहा कि रघुनाथपुर में बन रहे विद्यालय के भवन में बच्चो के लिए सारी सुविधाए मौजूद होंगी और निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह भवन बिहार सरकार को सौप दिया जाएगा। विद्यालय के शिलान्यास कार्य से पूर्व सीईओ चन्दन कुमार सामंता ने गांव वालो से मुलाकात कर उनके समास्याओं को जाना और विद्यालय के निर्माण स्थल का अपने अधिकारियों के साथ जायजा भी लिया। मौके पर एनटीपीसी बिजली परियोजना के महाप्रबंधक के डी यादव,ए के त्रिपाठी,रॉय थॉमस के साथ साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### एच एम स्टिल के ऑनर मोहम्मद आलम ने 11 वां बार O नेगेटिव रक्तदान कर निभाया अपना मानव धर्म

**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता**
**धनबाद (झारखंड),16 अक्टूबर 2024:** आसनसोल जिला अस्पताल में समी अहमद नामक बुजुर्ग व्यक्ति रक्त की कमी के कारण बीमारी से जूझ रहे थे मोहम्मद आलम ने 11 वां बार O नेगेटिव रक्तदान करके बुजुर्ग व्यक्ति के मदद कर निभाया अपना मानव धर्म ,बता दे कि नियामतपुर रक्तक्रांति नौशाद अंसारी के पास खबर आया कि आसनसोल में एक बुजुर्ग व्यक्ति की रक्त के कमी के कारण काफी तबीयत बिगड़ती जा रही है। दो दिन से तलाश रहे ओ नेगेटिव रक्त जब कहीं नहीं मिलने पर नौशाद अंसारी के पास में कॉल आता है तो उन्होंने 48 घंटे के अंदर उन्होंने डोनर जुगाड़ कर जिला अस्पताल में डोनेशन करवाया। उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन के नौशाद ने कहा कि रक्तदान ही जीवनदान है इससे बड़ा कोई दान नहीं। हम लोग इसी तरह से छोटे-छोटे कार्य अगर करते रहे तो एक दिन ऐसा भी समय आएगा कि रक्त कमी के कारण कभी किसी की जान नहीं जाएगी।



## बीआईटी सिंदरी के रोटरैक्ट क्लब ने प्रोफेसर एस.सी. दत्ता के मार्गदर्शन में धनबाद जंक्शन पर 'उम्मीद' के तहत खाद्य वितरण किया


**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता**
**धनबाद (झारखंड )धनबाद,:** जरूरतमंदों की सहायता और उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बीआईटी सिंदरी के रोटरैक्ट क्लब ने प्रोफेसर एस.सी. दत्ता के मार्गदर्शन में 'उम्मीद' नामक खाद्य वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और लगभग 80 से 90 भोजन के पैकेट्स का वितरण धनबाद जंक्शन पर किया। इस पहल का उद्देश्य भूखमरी का सामना कर रहे लोगों को आवश्यक पोषण प्रदान करना था, जिससे क्लब की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। 'उम्मीद' सिर्फ एक खाद्य वितरण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि स्थानीय समुदाय में दयालुता और खुशी फैलाने का एक सशक्त प्रयास था। क्लब के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम ने न केवल भूख मिटाई, बल्कि कई चेहरों पर मुस्कान भी लाई। यह उदारता और सहानुभूति का एक प्रभावशाली उदाहरण है, जो यह याद दिलाता है कि समाज सेवा के छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। प्रोफेसर एस.सी. दत्ता के नेतृत्व में बीआईटी सिंदरी का रोटरैक्ट क्लब इस क्षेत्र में आशा और सकारात्मकता की मिसाल बना हुआ है, और 'उम्मीद' इस बात का प्रमाण है कि वे समाज की सेवा के प्रति समर्पित हैं। क्लब भविष्य में भी इसी तरह की और पहलों का आयोजन करने की योजना बना रहा है, जो समुदाय में करुणा, एकता और सहयोग को बढ़ावा देंगे।





# रानीगंज मवेशी व्यापारी हत्या कांड में 01 अपराधी गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर,रानीगंज।** दिनांक-07.08.24 की सुबह करीब 07 बजे अररिया रानीगंज मार्ग पर रामपुर नहर के समीप मवेशी व्यापारी मो० बाबू अख्तर, उम्र करीब 40 वर्ष पिता- मो० सुलेमान, सा०- बरबन्ना, थाना- पलासी, जिला- अररिया को मोटर साईकिल सवार अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर लूट की घटना (कजरा पूल के पास) को अंजाम दिया गया था, जिसका ईलाज के कम में मृत्यु हो गई थी। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुये रानीगंज थाना, एफ एस एल एवं डी०आई०यू० टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया गया था। इस संबंध में रानीगंज थाना कांड सं0-354/24, दिनांक-07.08.24, धारा-309(6)/103 (1) बी०एन०एस० एवं 27 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया था। कांड के सफल उदभेदन एवं कांड में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अररिया के नेतृत्व में थानाध्यक्ष, रानीगंज थाना, एवं डी०आई०यू० के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा तकनीकि एवं वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुये आसूचना संकलन उपरांत कांड का सफल उदभेदन करते हुये घटना में शामिल अभियुक्त 01. सौरभ यादव पिता दिनेश यादव, सा०- भोड़हा, वार्ड न०-12, थाना- रानीगंज, जिला- अररिया को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में घटनाक्रम का पूर्ण विवरण बताये तथा घटना में शामिल अन्य अपराधियों के संबंध में स्पष्ट किया गया है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु एवं घटना में प्रयुक्त आर्म्स की बरामदगी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।




**बरामदगी:**
1. घटना कारित करने में प्रयुक्त मोबाईल- 01

छापामारी दल में शामिल सदस्य
01. पुलिस निरीक्षक-सह-थानाध्यक्ष निर्मल कुमार यादवेन्दु,रानीगंज थाना।
2. पु०अ०नि० कनक लता, रानीगंज थाना।
3. पु०अ०नि० पूनम कुमारी, रानीगंज थाना।
4. पु०अ०नि० सुरेन्द्र कुमार, रानीगंज थाना।
5. स०अ०नि० रवि प्रकाश, रानीगंज थाना।
6. पुलिस अवर निरीक्षक, नागेन्द्र कुमार, डी०आई०यू० शाखा। 7. पुलिस अवर निरीक्षक, विवेक कुमार, डी०आई०यू० शाखा।
8. डी०आई०यू० टीम एवं सशस्त्र बल।

# 20 अक्टूबर से होगा श्री हनुमज्जयन्ती समारोह का शुभारंभ

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)16 अक्टूबर 2024:-** शहर के भव्यतम धार्मिक आयोजन श्रीहनुमज्जयंती समारोह का 57वां ग्यारह दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 22- 30 अक्टूबर को मारुति मानस मंदिर परिसर में होगा। इसमें देश के विभिन्न संत महात्मा व प्रवचनकर्ता भाग लेंगे। 20 अक्टूबर को श्रीहनुमज्जयंती समारोह श्रीरामार्चा पूजन के साथ प्रारंभ होगा। संगीतमय भजनोत्सव संध्या सात बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। श्री हनुमज्जयंती समारोह समिति के सदस्य ने बताया कि 21 अक्टूबर को 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन होगा और शाम में भंडारा होगा। 22 अक्टूबर को श्री अयोध्या जी से आए श्री हनुमत निवास पीठाधीश्वर स्वामी मिथिलेश नंदिनी शरण प्रवचन माला का उद्घाटन करेंगे। कई अन्य प्रवाचक भी अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को जीवन जीने व ईश्वर की उपासना के मार्ग बतायेंगे। 22-30 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह पांच बजे से 6.30 बजे श्री हनुमान जी का अभिषेक गोदुग्ध या इक्षु रस से एवं श्री रामचरित मानस का सामूहिक नवाह पारायण पाठ सुबह 6:30 से 10:30 तक, पुरुष सूक्त एवं श्री सूक्त से हवन 11:00 से 1:00 अपराह्न तक होगा। उपदेश व प्रवचन दो बजे से प्रारंभ होगा। 30 अक्टूबर को विशेष हनुमान जी का जलाभिषेक 12:30 बजे दोपहर, श्री हनुमान जी का सहस्त्रनाम पूजन 5:30 बजे संध्या एवं 6:30 बजे दीपमाला जन्मोत्सव वधैया आदि आयोजन होगा।



# शैक्षणिक परिभ्रमण पर रोहतास जिला में स्थित पर्यटन स्थल के लिए रवाना हुए छात्र

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छोटी देवी,प्रखंड संवाददाता नबीनगर, औरंगाबाद बिहार 16 अक्टूबर 2024 :** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत बुधवार को उच्च विद्यालय प्लस टू टंडवा के छात्र-छात्रा शैक्षणिक परिभ्रमण पर रोहतास जिले में स्थित मां तुतला भवानी,रोहतास किला,शेरशाह का मकबरा एवं पायलट बाबा मंदिर देखने के लिए रवाना हुए। परिभ्रमण बस को जिला परिषद हरिराम,मुखिया दुर्गा नवीन,मुखिया प्रतिनिधि त्रिलोकी प्रभारी प्रधानाध्यापक जगदीश नागवंशी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुखिया दुर्गा नवीन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार दर्शन योजना चलाकर छात्र-छात्राओं को इतिहास के बारे में जानकारी देने का काम किया गया है। शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों में सांस्कृतिक व बौद्धिक विकास होता है।शैक्षणिक परिभ्रमण पर बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों पर ले जाकर उन्हें इतिहास के बारे में जानकारी जी जाती है।जिला परिषद हरिराम ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चे अपने देश और बिहार की संस्कृति के बारे में जानेंगे। परिभ्रमण दल में शिक्षक देवानंद कुमार,दिलीप कुमार,प्रदीप कुमार, श्वेता कुमारी,प्रियंका कुमारी,पवन कुमार, रवि रंजन कुमार एवं प्रकाश कुमार शामिल हैं।





# नोनिया बिंद बेलदार जाति का प्रखंड सम्मेलन





**दैनिक शुभ भाष्कर।**
**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज के निजी भवन में बिहार लोक निर्माण दल के बैनर तले नोनिया बिंद बेलदार जाति का प्रखंड सम्मेलन आयोजित की गयी।अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनोद चौहान एवं संचालन प्रदीप चौहान ने किया। मंच का राष्ट्रीय संयोजक रोहन चौहान ,प्रदेश अध्यक्ष विनोद चौहान चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप चौहान ,जयराम चौहान, निरंजन चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।आये अतिथियों को अंगवस्त्र वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में समाज को मजबूत करने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय संयोजक रोहन चौहान ने कहा कि पहचान बनाना है तो एकजुट रहे। उदेश्य है समाज को मजबूत करे और आरक्षण मिले एवं राजनीतिक में भागीदारी नही मिल रहा है।अधिकार लेना है। पटना के गांधी मैदान में 19 मार्च को होने वाली रैली में अधिक संख्या मे आने को कहा। इस अवसर पर अनिता देवी, सोनू चौहान, राम भजन चौहान, सागर चौहान, बिनय चौहान,विकास कुमार,बहादुर चौहान, नरेश चौहान,पन्नालाल चौहान, मनोज चौहान, श्याम कुमार चौहान, गुड्डू चौहान, विरेंद्र कुमार नोनिया, रामेश्वर चौहान, देवानंद चौहान, रत्न लाल चौहान, राजा चौहान, कृष्णा चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### नोनिया जाति को मिले आरक्षण-रोहन चौहान

## धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के लिए समाहरणालय में होगा नामांकन



**दैनिक शुभ भास्कर**
**धनबाद झारखंड**

**धनबादः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बताया कि झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित्त धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र 38-सिंदरी विधानसभा, 39-निरसा विधानसभा,40-धनबाद विधानसभा, 41-झरिया विधानसभा, 42-टुंडी विधानसभा एवं 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन समाहरणालय परिसर के विभिन्न तल एवं संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा।

## मध्यप्रदेश के रीवा में गुरु मां करिश्मा शेट्टी का भव्य स्वागत : बरौली पांडेय गाँव में पुष्पों व दूध की वर्षा से हुआ सम्मान





**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता, वरीय संवाददाता**
**धनबाद (झारखंड), 16 अक्टूबर 2024:** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के जवा कस्बे के बरौली पांडेय गाँव में हाल ही में विवेक कुमार पांडेय ने अपनी गुरु माँ करिश्मा शेट्टी का भव्य स्वागत किया। पारंपरिक रूप से, गाँव के लोगों ने उन्हें पुष्पों व दूध की वर्षा से सम्मानित किया,जो शुद्धता और श्रद्धा का प्रतीक है। गुरु माँ करिश्मा शेट्टी के आगमन पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उमड़े। उन्होंने लोगों के जीवन की घटनाओं को समझते हुए, समाधान दिए। उनकी सहजता और करुणा ने सभी पर गहरा प्रभाव छोड़ा। भारी भीड़ जुटने के कारण सुरक्षाकर्मी गुरु माँ करिश्मा शेट्टी को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कोशिश में जुट गए, लेकिन गुरु मां करिश्मा शेट्टी ने संयम बनाए रखा और हर व्यक्ति को समय दिया। ग्रामीणों का मानना है कि उनके आशीर्वाद से लोगों को संपत्ति और सफलता प्राप्त होती है। यह आयोजन श्रद्धा और संतोष की भावना के साथ संपन्न हुआ, जिससे बरौली पांडेय गाँव के लोग गुरु मां करिश्मा शेट्टी के प्रति और भी अधिक श्रद्धा और सम्मान महसूस करने लगे।

# एचयुआरएल ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता**
**धनबाद (झारखंड),16 अक्टूबर 2024** : सिंदरी–स्वच्छता कैम्पेन 4.0 के तहत एचयुआरएल द्वारा बुधवार को हर्ल हेल्थ सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ व उद्घाटन प्लांट प्रमुख सुरेश प्रमाणिक ने दिया प्रज्वलित कर नई सोच नई परंपरा के तहत किया गया। साथ ही मतदान जागरूकता के लिए पुरे कैम्प में बैनर भी लगाया गया।बुधवार के रक्तदान शिविर में युवा कर्मचारियों सहीत सभी लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई।





एचयुआरएल द्वारा 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 4.0' मनाया जा रहा है। इस दौरान कम्पनी विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन कर रही है। बुधवार को हुए रक्तदान शिविर का आयोजन भी इसी का हिस्सा था। इस मौके पर, एचआर प्रमुख संत सिंह ने कहा कि "ब्लड डोनेशन कैंप में 100 से ज्यादा लोगों ने अपना रक्तदान कर समाजिक सेवा के संकल्प को दोहराया है। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य का काम नहीं होता है। सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल मरीज समय पर खून नहीं मिलने से अपनी जान गंवा देते है।

संत सिंह ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी भी नहीं आती है। इस रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम स्वच्छता के 'सेवा पखवाड़ा' का एक हिस्सा था। इस दौरान एचयुआरएल द्वारा और भी कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

रक्तदान करते हुए एचआर सुजीत दुबे ने कहा कि थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को प्रतिमाह दो से तीन यूनिट ब्लड की जरूरत होती है। जिसकी पूर्ति स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में रक्तदान और नियमित स्वैच्छिक रक्तदाता की ओर से किए जाने वाले रक्तदान से होती हैं। जिन्हें ब्लड बैंक की ओर से निश्शुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। कहा कि रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। अपील की कि हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष भर में दो से चार बार रक्तदान करना चाहिए।

मौके पर डा० जयेश प्रसाद, डा० ए एन सिंह, एचआर औफीसर मंजुर अली, रजत रंजन, मंसुल जैन, दिनेश, राजकुमार , आकाश सहित एसीयन जालान हौस्पीटल की टीम मौजूद रहे।16 अक्टूबर 2024 को हिंदुस्ता्न उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड हेल्थकेयर, रोहराबंध, सिंदरी में एक जीवनदायिनी पहल के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा।बीआईटी सिंदरी के रोटरैक्ट क्लब के समर्पित सदस्य—शोभित, खुशवंत, सूरज, सोमेश और मनीष—प्रोफेसर एस.सी. दत्ता के मार्गदर्शन में इस शिविर में स्वयंसेवक के रूप में शामिल हुए और हर पहलू का ध्यानपूर्वक और कुशलता से प्रबंध किया।

यह शिविर सिर्फ एक सामान्य कार्यक्रम नहीं था, बल्कि सामुदायिक सेवा और सहानुभूति की शक्ति का साक्षात प्रमाण था। रक्तदाताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, उन्हें तेजी से पंजीकृत किया गया, और प्रक्रिया के दौरान उन्हें आरामदायक बनाए रखने के लिए ताज़गी प्रदान की गई। प्रत्येक रक्तदाता को आभार स्वरूप एक विशेष प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया, जो उनके योगदान के विशाल महत्व को दर्शाता था।

यह रक्तदान अभियान इस बात की याद दिलाता है कि एक यूनिट रक्त भी जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर हो सकता है। बीआईटी सिंदरी का रोटरैक्ट क्लब उन सभी निःस्वार्थ दाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता है जिन्होंने आगे बढ़कर जीवनदान किया। हम आशा करते हैं कि उनके इस कार्य से और भी लोग प्रेरित होकर भविष्य के शिविरों में भाग लेंगे। मिलकर, हम छोटी-छोटी लेकिन शक्तिशाली दयालुता के कार्यों के माध्यम से एक मजबूत और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं।

## बूथ सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक



**तालझारी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को प्रशासन ने बूथ सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सीओ राम सुमन प्रसाद ने किया। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर बैग, एमएफ को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सभी सुपरवाइजर और बीएलओ से अपने-अपने कार्य क्षेत्र में लगे सरकारी पोस्टर बैनर को हटाने का सख्त निर्देश दिया दिया गया।बैठक में सीओ ने सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को सभी बूथों में बिजली, पानी, शौचालय ,फर्नीचर की पूर्ण व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कहा गया कि 85 वर्ष के ऊपर उम्र के वृद्ध एवं 40 प्रतिशत से अधिक प्रमाणित दिव्यांगों को घर से ही पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है।

परंतु वे मतदान केंद्र में भी जाकर मतदान कर सकते हैं। इस दौरान प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने एवं 80 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने के लक्ष्य पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान लोगों ने 80 प्रतिशत से अधिक से अधिक मतदान कराने की शपथ ली।

# राजमहल पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो युवकों को दबोचा

**साहिबगंज।** राजमहल थाना पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन चेकिंग के दौरान अवैध देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उक्त तथ्यों की जानकारी एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देशानुसार राजमहल पुलिस द्वारा राजमहल-उधवा मुख्य पथ पर कोयला बाजार मोड़ के समीप मंगलवार की देर संध्या एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसआई विक्रम कुमार, बिट्टू कुमार साह, साल्खु मुर्मू, महादेव उरांव, एएसआई तस्लीम रजा, अरविंद कुमार दास, आरक्षी वीर सिंह महतो, सुनील कुमार गुप्ता एंव गुलशन कुमार मौके पर अलर्ट थें और वाहनों की जांच में लगे थे। इसी दौरान एक टोटो (ई-रिक्शा) वहां आकर रुकने वाला ही था तभी अचानक वहां पुलिस को देखकर दो युवक टोटो से कूद कर भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। दोनों की तलाशी लेने पर एक युवक की कमर में खोसा हुआ एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतुस बरामद हुआ। पूछताछ



करने पर एक युवक ने अपनी पहचान नयाबाजार बिरसा मुंडा टाउन हॉल के समीप निवासी धनराज हजारी (20) पिता प्रदीप हजारी एवं दूसरे युवक ने नयाबाजार निवासी मो रहमान (19) पिता रहीम शेख के रूप में बताई।

दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर के बयान पर दोनों युवकों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 166/24 आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस की अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों के पास से एक मोबाइल भी पुलिस ने जब्त किया जिसके कॉल डिटेल के आधार पर एंव गिरफ्तार दोनों युवकों से पूछताछ कर पुलिस विस्तृत जानकारी इकट्ठा कर रही है।

गिरफ्तार धनराज हजारी एवं मो रहमान को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने एवं स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवको को कट्टा एवं कारतूस एक व्यक्ति तक पहुंचाना था, हालांकि पुलिस की सतर्कता से उनके मंसूबे पर पानी फिर गया और दोनों वाहन चेकिंग के दौरान बीच रास्ते मे ही पकड़े गए।

### झारखंड में भ्रष्टाचार का बड़ा मामलाः

## देवघर के सिविल सर्जन 70 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार






**दैनिक शुभ भास्कर, साजिद, ब्यूरो चीफ रांची, (झारखंड)।** देवघर में भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए देवघर के सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए 16 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार किया। यह मामला झारखंड सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार की एक और उदाहरण है। मामला यह है कि मधुपुर में 10 बेड का अस्पताल चलाने वाले महफूज आलम ने अपने अस्पताल का रिनुवल कराने के लिए देवघर सिविल सर्जन कार्यालय में आवेदन जमा किया। लेकिन सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा ने उनसे इस काम के लिए 1 लाख रुपये की मांग की। बाद में उन्होंने रकम बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये कर दी। महफूज आलम ने इसकी शिकायत एसीबी से की, जिसने उनकी शिकायत का सत्यापन किया और फिर डॉ रंजन सिन्हा को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। महफूज आलम ने पहली किस्त के रूप में 70 हजार रुपये देने की सहमति दे, जिसके बाद डॉ रंजन सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया गया। यह मामला झारखंड सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार की एक और उदाहरण है। इससे पहले भी कई मामलों में झारखंड के स्वास्थ्य अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। डॉक्टरों द्वारा रिश्वत लेने के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिससे मरीजों को परेशानी होती है। एसीबी ने इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है और डॉ रंजन सिन्हा के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है । झारखंड सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।।

### झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैंः

- अस्पतालों में दवाओं और उपकरणों की खरीद में भ्रष्टाचार
- डॉक्टरों द्वारा रिश्वत लेने के मामले
- मरीजों को इलाज के लिए अधिक पैसे वसूलना
- अस्पतालों में अनियमितताओं के मामले

# 3 दिनों से हड़ताल पर 108 एम्बुलेंस कर्मचारी, एसडीओ को आवेदन सौंपा

**साहिबगंज।** 14 अक्टूबर की रात 8 बजे बकाया वेतन व अन्य मांगों को लेकर 108 एम्बुलेंस के ईएमटी व ड्राइवर्स की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को कर्मियों ने एसडीओ को आवेदन सौंपा। कर्मियों ने बताया कि जेडएचएल कंपनी पिछले 3 माह से वेतन नहीं दे रही है। इससे कर्मियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बताया कि जेडेएचएल कंपनी ने उन्हें 2023 जुलाई और अगस्त जबकि जीवीके ईएमआरआई कंपनी ने उन्हें सितंबर 2024 का वेतन नहीं नहीं दिया है। जीवीके ईएमआरआई




कंपनी का टेंडर अगस्त 2024 में समाप्त हो गया है। जबकि उक्त कंपनी ने अभी तक जॉइनिंग लेटर भी नहीं दिया है। टेंडर लेने वाली नई कंपनी रजिस्ट्रेशन के नाम पर मनमानी रकम मांगती है। पीएफ व ईएसआईसी की सुविधा भी उन्हें नहीं मिल रही है। कोरोना काल में कई गई ड्यूटी का भुगतान भी अभी तक नहीं मिला है। पिछली कंपनी से वेतन मांगने पर एनआरएचएम से भुगतान नहीं होने की बात कहती है। कर्मियों ने बकाया वेतन भुगतान करने, एनएचआरएम से उन्हें स्थायी करने व एनआरएचएम से ससमय वेतन भुगतान करने की मांग की। मौके पर कुंदन वर्मा, नीलेश कुमार सिंह, माणिक मंडल, योगेश, राजू ठाकुर, रीना कुमारी, मो राशिद, अशोक, पवन, चंचला हांसदा सहित अन्य मौजूद थे।

## परिवार नियोजन व एचआईवी को लेकर जागरूकता शिविर



**साहिबगंज।** सीएस डॉ प्रवीण संथालिया के निर्देश पर बुधवार को सदर अस्पताल परिसर में परिवार नियोजन व एचआईवी को लेकर जागरूकता शिविर लगाया गया। इस दौरान लोगों को परिवार नियोजन की विधियों व लाभ सहित एचआईवी की जानकारी दी गई। मौके पर एआरटी सेंटर की कर्मी स्वीटी कुमारी, ज़िला वीबीडी सलाहकार डॉ सत्तीबाबू डाबडा, संजय राम व अन्य थे।

### स्वास्थ्य दल आपके द्वार तृतीय चरण

# प्रभावित क्षेत्रों में गतिविधियां तेज करें - डॉ बामनिया

**सुनील कुमार मिश्रा दैनिक शुभ भास्कर राजस्थान उदयपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों के तहत चल रहे स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान में घर-घर सर्वे कार्य किया जा रहा है। शहर में 180 टीमों के साथ अब नर्सिंग विद्यार्थी भी इस कार्य में सहयोग देंगे। डीबीसी की संख्या बढ़ाकर 182 कर दी गई है। एक डीबीसी प्रतिदिन 30 घरों का सर्वे कर रिपोर्ट मरुधरा ऐप पर अपलोड करेगा। जिलें में वर्तमान में 79 डीबीसी को नियोजित कर उनसे एन्टीलार्वल, एन्टीएडल्ट गतिविधियों, फोकल स्प्रे एवं सोर्स रिडक्शन कार्य करवाया जा रहा है एवं रिपोर्टिंग ओडीके मरूधर एप के माध्यम से करवाई जा रही है। जिले में आशा, एएनएम एवं डोमेस्टिक ब्रीडींग चैकर की टीम द्वारा स्वास्थ्य दल आपके द्वारा अभियान के अन्तर्गत घर घर सर्वे कार्य कर एन्टीलार्वल, एन्टीएडल्ट गतिविधियों, फोकल स्प्रे एवं सोर्स रिडक्शन कार्य किया जा रहा है। 01 एपीआई से अधिक संवेदनशील क्षेत्रों में अल्फा सायपरमेथ्रिन का प्रथम चरण पूर्ण कर द्वितीय चरण 01.08.2024 से प्रारम्भ कर दिया गया है जो दिनांक 15.10.2024 तक पूर्ण किया । वर्तमान में आशा, एएनएम की टीम एवं कुल 79 डीबीसी कार्य कर रहे है एवं फोगिंग कार्य जारी है। प्रत्येंक केसे के घर पर रोकथाम एवं नियन्त्रण कार्यवाही के तहत 50 घरो के सर्वे के साथ फोकल स्प्रे किया जा रहा है, उक्त कार्य की गुणवत्तापूर्ण करने हेतु सेक्टर चिकित्सा अधिकारी को मॉनीटरिंग हेतु पाबन्द किया गया है । उदयपुर शहर को 4 भागों में बॉट कर सभी जिला अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रतिदिन क्षेत्र में सुपरविजन कर एक्शन टेकन का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये गये है जो प्रतिदिन सांय अधोहस्ताक्षरकर्ता को रिपोर्ट करते है!



* समस्त चिकित्सा संस्थानों पर कीटनाशक (एमएलओ, टेमिफोस, पायरेथ्रम) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

* समस्त चिकित्सा संस्थानों पर दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चत करने के निर्देश दिये गयें है ।

* आईईसी पेम्पलेट, पोस्टर, स्टीकर एवं एफएम रेडियों, सोशल मिडिया के माध्यम से की जा रही है

मौसमी बीमारियों से अधिक प्रभावित क्षेत्रों के अर्बन के 13 चिकित्सा प्रभारियों,9 बीसीएमओ और शहरी कार्यक्रम प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि आप द्वारा की जा रही प्रभावी मॉनिटरिंग की रोज़ के रोज़ प्रस्तुत करे और डेंगू को प्रभावी रोकथाम एव नियंत्रण हेतु उच्चतम आवश्यक कदम उठाये! नगर निगम द्वारा दो फोगिंग मशीनों से प्रतिदिन फोगिंग करवाई जा रही है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने बताया कि स्वास्थ्य दल आपके द्वार तृतीय चरण 4 अक्टूबर से जारी है। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए टीमों द्वारा घर-घर सर्वे किया जा रहा है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आज पोजिटिव आये केसेज के घरों पर क्षेत्र के चिकित्सा प्रभारी की देखरेख में गतिविधियां की जा रही है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी द्वारा क्षेत्रीय पार्षदों के साथ जागरूकता हेतु सहयोग लिया जा रहा है। पार्षदों को साथ लेकर सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वा, और एंटी एडल्ट एक्टिविटी के लिए लोगों को समझाया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और क्रास वेरिफिकेशन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ बामनिया द्वारा इनसे प्रतिदिन के निरीक्षण की रिपोर्ट मांगी गई है।

## क्वॉड के गठन का प्रस्ताव

दुनिया क्वॉड को इसी रूप में जानती है कि यह इस समय अमेरिका की तरफ से चीन को घेरने के लिए बनाए जा रहे अनेक समूहों में से एक है। इसलिए इशिबा ने जो कहा, उससे भारत के अलावा किसी को परेशानी नहीं हुई है। जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा चीन के प्रति सख्त रुख के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने अपनी विदेश संबंधी प्राथमिकताएं वॉशिंगटन स्थित थिंक टैंक- हडसन इंस्टिट्यूट द्वारा प्रकाशित एक लेख में बताई। इसमें उन्होंने चीन का मुकाबला करने के लिए एशियाई नाटो बनाने का आह्वान किया। इशिबा ने कहा कि एशियाई नाटो बनाने की जरूरत इस तथ्य से उपजी है कि अमेरिका की ताकत में तुलनात्मक कमी आई है। तो उन्होंने सुझाव दिया कि चार देशों- अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत- के समूह क्वॉड को एशियाई नाटो की भूमिका ग्रहण करनी चाहिए। इस बयान से भारत असहज हुआ है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस पर कहा कि भारत "एशियाई नाटो" का समर्थन नहीं करता। वॉशिंगटन में एक कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत जापान की तरह सैन्य गठबंधनों पर निर्भर नहीं है और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए उसकी अपनी अलग रणनीति है। कहा- "हम वैसे किसी रणनीतिक ढांचे के बारे में नहीं सोच रहे हैं।" क्वॉड के गठन का प्रस्ताव मनमोहन सिंह सरकार के जमाने में ही आया था। लेकिन भारत ने ऐसे किसी समूह में शामिल होने से इनकार किया, जिसकी स्पष्ट पहचान किसी अन्य देश (यानी चीन) के विरुद्ध हो। नरेंद्र मोदी सरकार ने इस नीति को बदल कर क्वॉड का सदस्य बनने का निर्णय लिया। लेकिन तब से वह यह कहने में काफी ऊर्जा लगाती रही है कि यह समूह किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि इसका सकारात्मक एजेंडा है। कोरोना महामारी के दौर में ऐसा एजेंडा दिखाने के लिए वैक्सीन सहयोग की बात प्रचारित की गई। लेकिन बाकी तीन देशों की ऐसी कोशिश नहीं रही है। दुनिया क्वॉड को इसी रूप में जानती है कि यह इस समय अमेरिका की तरफ से चीन को घेरने के लिए बनाए जा रहे अनेक समूहों में से एक है। इसलिए इशिबा ने जो कहा, उससे भारत के अलावा किसी को परेशानी नहीं हुई है। बल्कि सवाल यह उठा है कि भारत ने खुद को अमेरिका की एशिया-प्रशांत रणनीति से संबंधित किया है, तो फिर यह कहने से उसे गुरेज क्यों है?

## पार्टियां मुफ्त की रेवड़ी के नाम पर वोट लेती रहेंगी

देश में चुनाव का सीजन चल रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद दो राज्यों के चुनाव हुए हैं और दो अन्य राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। अगर पूछा जाए कि इस साल के हर चुनाव का केंद्रीय मुद्दा क्या था तो जवाब होगा, मुफ्त की रेवड़ी। चुनाव में और भी बहुत सी चीजें होती हैं लेकिन मुख्य रूप से मुफ्त की रेवड़ी पर ही सभी पार्टियों ने चुनाव लड़ा। तभी जब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने गर्व से कहा कि उन्होंने दिल्ली के लोगों को 'छह मुफ्त की रेवड़ी दी है और सातवीं रेवड़ी देने वाले हैं तो आश्चर्य नहीं हुआ। आखिर मुफ्त की रेवड़ी के आधुनिक संस्करण के जनक केजरीवाल ही हैं। इसलिए अगर वे इस पर गर्व कर रहे हैं और प्रधानमंत्री की ओर से बोले गए इस जुमले को तमगा बना कर सीने पर टांक रहे हैं तो उस पर क्या हैरान होना? केजरीवाल ने अपने को और अधिक एक्सपोज करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी प्रचार करने को तैयार हैं अगर वे एनडीए के शासन वाले 22 राज्यों में बिजली फ्री कर दें। सोचें, कैसी वैचारिक, नैतिक और राजनीतिक गिरावट है? जिस भाजपा और नरेंद्र मोदी को केजरीवाल, उनकी पार्टी और उनका पूरा गठबंधन संविधान के लिए, देश के लिए और समाज के लिए खराब मानता है उनके लिए भी सिर्फ बिजली फ्री होने पर प्रचार किया जा सकता है! क्या यही केजरीवाल की वैचारिक प्रतिबद्धता है कि बिजली फ्री हो जाए तो मोदी के लिए भी प्रचार करेंगे? क्या इसी आधार पर मोदी के खिलाफ लड़ेंगे? सवाल है कि अगर मोदी की पार्टी ने दिल्ली में बिजली फ्री कर दी तो क्या करेंगे केजरीवाल? अगर मोदी ने बिजली के साथ साथ वो तमाम चीजें मुफ्त में देने की घोषणा कर दी, जो केजरीवाल की सरकार दे रही है तो क्या केजरीवाल दिल्ली की सत्ता छोड़ देंगे और मोदी के लिए प्रचार करेंगे? ऐसा तो कतई नहीं होगा क्योंकि मुख्यमंत्री की कुर्सी छोडऩे के अगले दिन से ही उनकी बेचैनी बढ़ी है और वे नवंबर में ही चुनाव कराने की चुनौती भाजपा को दे रहे हैं। फरवरी तक इंतजार करने का धीरज भी उनमें नहीं दिख रहा है! इसलिए केजरीवाल की बातों पर हैरानी नहीं होती है। वे इस तरह की विरोधाभासी और बेतुकी बातें करते रहते हैं। हैरानी इस बात पर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुफ्त की रेवड़ी का जुमला गढ़ा और इसका मजाक उड़ाया फिर भी उनकी पार्टी इसी की राजनीति कर रही है! उन्होंने कहा था कि मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति से देश की अर्थव्यवस्था बरबाद हो जाएगी। लेकिन उनकी पार्टी अब इस राजनीति की चैंपियन बन गई है।

# भारत-अमेरिकी रक्षा डील और चीन-पाकिस्तान की सांसें सील

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत की चारों दिशाओं से सीमाओं को सुरक्षति करने की दृष्टि से एक अच्छी खबर आई है। अमेरिका के साथ 31 एमक्यू -9B ड्रोन (प्रीडेटर ड्रोन) खरीदने की डील साइन कर ली गई है। वस्तुतः एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन को लेकर भारत-अमेरिका का यह अनुबंध इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए टारगेट को दूर से ही खत्म किया जा सकता है । इस ड्रोन को बनाने वाली कंपनी जनरल एटॉमिक्स, इसके मल्टीटैलेंटेड होने का दावा करती है। उसका कहना है कि जासूसी, सर्विलांस, इन्फॉर्मेशन कलेक्शन के अलावा एयर सपोर्ट बंद करने, राहत-बचाव अभियान और हमला करने के लिए इसका इस्तेमाल हो सकता है। ड्रोन 2177 किलोग्राम का पेलोड अपने साथ ले जा सकते हैं। इनमें लेजर गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और एंटी शिप मिसाइलें लगी हैं। ये मानवरहित ड्रोन रिमोट से संचालित किए जाते हैं। एक साथ जमीन से लेकर आसमान और समंदर से लॉन्च किए जा सकते हैं। यह एक बार उड़ान भरने के बाद 1900 किलोमीटर क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। हालांकि भारत के पास पहले से ही चार ताकतवर ड्रोन मौजूद हैं, किंतु इनसे भारतीय बेड़े में शामिल होने से सेना की ताकत हवा में बहुत बढ़ जाएगी । अभी भारत के पास जो ड्रोन हैं, उनमें स्वार्म ड्रोन की यह खासियत है कि वह छोटे-छोटे ड्रोन्स में एक साथ मिलकर हमले को अंजाम देते हैं। इसी तरह से दूसरा हरोप ड्रोन एक इजराइली ड्रोन है। अभी भारतीय सेना के पास यह 150 से ज्यादा हैं। तीसरा, हेरॉन ड्रोन और चौथा सर्चर भी इजराइली ड्रोन हैं, जिसमें कि भारतीय सेना में हेरॉन ड्रोन की तैनाती लद्दाख क्षेत्र की नगरानी करने के लिए की गई है। वहीं, सर्चर ड्रोन को भारतीय सेना लंबी दूरी की सर्विलांस के लिए इस्तेमाल कर रही है। अब इस नए ड्रोन एमक्यू-9बी के सेना में शामिल होने के बाद भारत की सीमाओं की चौकसी करना और अधिक आसान होगा। इसकी सबसे बड़ी खासियतों में बिना आवाज किए काम करने की है। यह जमीन से 250 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसके बाद भी टारगेट को इसकी भनक नहीं लगती। यह 442 किलोमीटर की दूरी पर सिर्फ एक घंटे में पहुंच जाता है। पाकिस्तान-चीन या अन्य किसी सीमा पर ड्रोन को बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ाया जाएगा तो वह भारत की सीमा में रहते हुए भी यह जान लेगा कि उनकी सीमाओं के अंदर क्या चल रहा है। साथ ही ये ड्रोन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस की कैटेगरी में आते हैं यानी कि यह 40 घंटे से अधिक समय तक किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना उड़ान भर सकते हैं। ड्रोन की रेंज 1850 किलोमीटर तक है । एक तरीके से भारत के हाथ में ये ड्रोन आने के बाद इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान से ज्यादातर शहर नई दिल्ली की जद में होंगे। यही स्थिति भारत की दूसरी सीमाओं से सटे देशों की है। यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत सरकार ने अमेरिका से इसी ड्रोन को खरीदने में अपनी सबसे ज्यादा रुचि क्यों दिखाई ? जब इस प्रश्न का जवाब खोजने का प्रयत्न किया गया, तब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अध्ययन से ध्यान में आया कि ये सर्च और रेस्क्यू से लेकर लॉ एनफोर्समेंट, बॉर्डर एनफोर्समेंट, काउंटर अटैक जैसे मिशन के लिए बेहद कारगर साबित होते रहे हैं और हर बार अपने को सिद्ध करते रहे हैं। अमेरिका ने जहां भी इनका प्रयोग किया, इसके जरिए वह जमीन से लेकर हवा तक अपने दुश्मनों को समाप्त करने के बहुत हद तक सफल रहा। साल 2022 में अमेरिका ने अलकायदा के खूंखार आतंकवादी अयमान-अल-जवाहिरी को काबुल में इन्हीं ड्रोन्स के जरिए ही मार गिराया। वह बालकनी में टहलने के लिए निकला तभी उस पर रीपर ड्रोन से दो हेलफायर मिसाइलें दागी गईं। इस तरह से अमेरिका ने 9/11 हमले का बदला ले लिया । इतना ही नहीं अमेरिका ने इस ड्रोन की ताकत को देखते हुए ही इन्हें सोमालिया, यमन और लीबिया में इस्तेमाल किया और अभी भी निगरानी के तौर पर इनका इस्तेमाल पुरी दुनिया में अमेरिका द्वारा किया जा रहा है। वह अमेरिका का रीपर ड्रोन ही था, जिससे अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की निगरानी की और उसे नेवी सील्स द्वारा 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मार गिराने में सफलता हासिल हुई । इस ड्रोन की मारक क्षमता और ताकत को देखते हुए ही मोदी सरकार पिछले एक साल से अमेरिका के पीछे पड़ी थी कि इन्हें




भारत को मुहैया कराया जाए । इसके लिए क्वाड समिट से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात में भारत की अमेरिका से एमक्यू 9बी प्रिडेटर ड्रोन्स की डील पक्की हुई। इसमें भी एक अच्छी बात अनुबंध के समय यह रही है कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए मोदी सरकार ने सभी निर्णय अपने समर्थन के करवाए । मसलन, डील के अनुसार जनरल एटॉमिक्स कंपनी ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए भारत में केंद्र खोलेगी। । समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 15 ड्रोन दिए जाएंगे, जबकि भारतीय वायुसेना और थलसेना को आठ-आठ ड्रोन दिए जाएंगे। इनको भारत की चारों दिशाओं में तैनात किया जाएगा। अब रक्षा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इन मानव रहित विमानों का इस्तेमाल एयरबोर्न अर्ली वार्निंग, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, एंटी-सरफेस वॉरफेयर और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में किया जा सकता है। निश्चित ही इससे भारत को बहुत ताकत मिलेगी। ये अनुबंध दोनों देशों के रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देगा, जिसमें सैन्य इंटरऑपरेबिलिटी, इंटेलिजेंस-शेयरिंग, स्पेस और साइबर सहयोग शामिल हैं।इसके साथ ही दोनों देशों की सेना खुफिया जानकारी साझा करेगी। इससे सभी क्षेत्रों में भारत की सशस्त्र सेनाओं की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं में वृद्धि होगी। भारत एलएसी से लगे एरिया में चीन को भनक लगे बिना उसकी निगरानी करने में और अधिक सक्षम होगा । वहीं, उसे साउथ चाइना सी में चीन की घुसपैठ को रोकने के इस ड्रोन की मदद से बहुत मदद होगी। सीमाओं की चौकसी को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अंत में यही कहना होगा, धन्यवाद भारत सरकार!, धन्यवाद मोदी सरकार!

# आध्यात्म जगत के राजहंस हैं आचार्य विद्यासागर महाराज

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

बाईस बरस की उम्र में संन्यास लेकर दुनिया को सत्य-अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की एक झलक पाने लाखों लोग मीलों पैदल दौड़ते रहे हैं। आचार्य श्रेष्ठ के प्रवचनों में धार्मिक व्याख्यान कम और ऐसे सूत्र ज्यादा होते, जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को सफल बना सकते हैं। कर्नाटक में जन्मे वह अकेले ऐसे संत हैं, जिनके जीवंत रहते उन पर अब तक 60 से अधिक पीएचडी हो चुकी हैं। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, बंगला, कन्नड़, मराठी, प्राकृत, अपभ्रंश सरीखी भाषाओं के जानकार विद्यासागरजी का बचपन भी आम बच्चों की तरह बीता। गिल्ली-डंडा, शतरंज आदि खेलना, चित्रकारी स्वीमिंग आदि का इन्हें भी बहुत शौक रहा, लेकिन जैसे-जैसे बड़े हुए आचार्य श्रेष्ठ का आध्यात्म की ओर रुझान बढ़ता गया। आचार्य श्रेष्ठ का बाल्यकाल का नाम विद्याधर था। कर्नाटक के बेलगांव के ग्राम सदलगा में शरद पूर्णिमा (10 अक्टूबर, 1946) श्रेष्ठी श्री मल्लप्पा अष्टगे और श्रीमती अष्टगे के घर जन्मे आचार्य ने कन्नड़ के माध्यम से हाई स्कूल तक शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद वह वैराग्य की दिशा में आगे बढ़े और 30 जून, 1968 को मुनि दीक्षा ली। आचार्य का पद उन्हें 22 नवंबर, 1972 को मिला। आचार्य श्रेष्ठ की ज्ञान गंगा के सम्मुख करोड़ों-करोड़ लोग नतमस्तक रहे हैं। इनमें तमाम हस्तियां भी शामिल हैं। 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, 2018 में अमेरिकी राजदूत केनेथ जस्टर, फ्रांसीसी राजनयिक अलेक्जेंड्रे जिग्लर, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन उनका आशीर्वाद प्राप्त कर चुके हैं। शरद पूर्णिमा पर उन पर तमाम आयोजन होते हैं। आचार्यश्री ने 28 जुलाई, 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आमंत्रण पर मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रवचन किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्यश्री को राज्य अतिथि का दर्जा दे रखा था। 20वीं और 21वीं शताब्दी के साहित्य जगत में एक नए उदीयमान नक्षत्र के रूप में जाने-पहचाने जाने वाले शब्दों के शिल्पकार, अपराजेय साधक, तपस्या की कसौटी, आदर्श योगी, ध्यान ध्याता-ध्येय के पर्याय, कुशल काव्य शिल्पी, प्रवचन प्रभाकर, अनुपम मेधावी, नवनवोन्मेषी प्रतिभा के धनी, सिद्धांतागम के पारगामी, वाग्मी, ज्ञानसागर के विद्याहंस, प्रभु महावीर के प्रतिबिंब, महाकवि, दिगम्बराचार्य श्री विद्यासागरजी की आध्यात्मिक छवि के कालजयी दर्शन आनंद से भर देते थे। सम्प्रदाय मुक्त भक्त हो या दर्शक, पाठक हो या विचारक, अबाल-वृद्ध, नर-नारी उनके बहुमुखी चुम्बकीय व्यक्तित्व-कृतित्व को आदर्श मानकर उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारकर अपने आपको धन्य मानते रहे हैं। आपने राष्ट्रभाषा हिन्दी में प्रेरणादायक युगप्रवर्तक महाकाव्य 'मूकमाटी' का सर्जन कर साहित्य जगत में चमत्कार कर दिया। इसे साहित्यकार 'फ्यूचर पोयट्री' एवं श्रेष्ठ दिग्दर्शक के रूप में मानते हैं। विद्वानों का मानना है कि भवानी प्रसाद मिश्र को सपाट बयानी, सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का शब्द विन्यास, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की छान्दसिक छटा, छायावादी युग के प्रमुख स्तंभ सुमित्रानंदन पन्त का प्रकृति व्यवहार, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता महादेवी वर्मा की मसृष्ण गीतात्मकता, बाबा नागार्जुन का लोक स्पन्दन, केदारनाथ अग्रवाल की बतकही वृत्ति, मुक्तिबोध की फैंटेसी संरचना और धूमिल की तुक संगति आधुनिक काव्य में एक साथ देखनी हो तो वह 'मूकमाटी' में देखी जा सकती है। आचार्य श्रेष्ठ का मातृभाषा प्रेम, देशभक्ति, हिंदी के प्रति अगाध आस्था जगजाहिर रहा है। वह हमेशा गर्व से कहते थे- हिंदी में लिखो, हिंदी बोलो, इंडिया नहीं, भारत बोलो, शिक्षा के साथ संस्कार पाओ, हथकरघा के वस्त्र अपनाओ, स्वदेशी पहनो, स्वावलंबन लाओ, भारतीय संस्कृति बचाओ। वह युवाओं को अपने आशीर्वचन में अकसर कहते थे, उन्हें अंग्रेजी मिटानी नहीं है बल्कि अंग्रेजी को हटाना है, क्योंकि इसके पीछे बहुत से कारण हैं। विश्व के कई देशों में अपनी मातृभाषा में ही शिक्षा दी जाती है। वे देश विकास की बुलंदियों पर हैं। फिर हमारा देश हिंदी को अपनाने में पीछे क्यों है? सर्वोच्च और उच्च न्यायालयों में करोड़ों वाद लंबित है। इसके मूल में भी कहीं न कहीं भाषा ही है। अपनी भाषा राष्ट्रभाषा से ही देश का विकास, जन-जन से जुड़ाव और ज्ञान का प्रकाश फैलाना संभव है। व्यापार की भाषा, बोलचाल की भाषा, प्रशासनिक भाषा, राष्ट्र भाषा या प्रादेशिक भाषा होनी चाहिए। आचार्यश्री मानते थे कुछ लोगों को लगता है अंग्रेजी का विरोध होने से हम बाकि देशों की भाषा से कट जाएंगे। अंग्रेजी के बिना तो कुछ भी नहीं है, यह केवल भ्रम है। आचार्य श्रेष्ठ युवाओं को नामचीन पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक की पुस्तक- अंग्रेजी हटाओ क्यों और कैसे? को पढ़ने की सलाह दी थी, चूंकि उन्होंने भी इस पुस्तक का अध्ययन किया था। यह ही नहीं, डॉ. वैदिक रामटेक हो या नागपुर, वह समय-समय पर जैन संत शिरोमणि के दर्शनार्थ आते-जाते रहते थे। आचार्य श्रेष्ठ मानते रहे हैं, वर्तमान शिक्षा नीति अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है। शिक्षा धन से जुड़ गई है। आज की शिक्षा के साथ-साथ अनुभव नहीं है। डिग्री तो मिल जाती है, लेकिन सारी पढ़ाई-लिखाई करने के बाद भी नौकरी नहीं मिलती है। यह सब हमारे देश में पाश्चात्य शिक्षा का प्रभाव है। आज इतिहास को स्कूलों में लीपा-पोती करके पढ़ाया जाता है, हमारा पुराना इतिहास उठा कर देखो। आचार्यश्री ने कहा था, मैं भाषा के रूप में अंग्रेजी का विरोध नहीं करता हूं लेकिन अंग्रेजी भाषा को विश्व की अन्य भाषाओं के साथ ऐच्छिक रखना चाहिए। शिक्षा का माध्यम मातृभाषाएं ही हों। अंग्रेजों ने भारत की परंपरा के साथ चालाकी करके 'भारत' को 'इंडिया' बना दिया है। भारत के साथ हमारी संस्कृति और इतिहास जुड़ा है, लेकिन इंडिया ने भारत की भारतीयता, जीवन पद्धति, नैतिकता, रहन-सहन और खान-पीन सब कुछ छीन लिया है। आचार्य शिरोमणि ने यह सलाह भी दी थी, शिक्षा में शोधार्थी की रुचि, किसमें है, इसकी स्वतंत्रता होनी चाहिए। आज मार्गदर्शक के अनुसार शोधार्थी शोधकर्ता हैं। इससे मौलिकता नहीं उभर पा रही है। शिक्षा रोजगार पैदा करने वाली हो, बेरोजगारी बढ़ाने वाली नहीं हो, शिक्षा कोरी किताब नहीं हो। नई शिक्षा नीति-एनईपी-2020 में मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा की खुशबू, व्यावसायिक शिक्षा, अंग्रेजी भाषा को वैकल्पिक भाषा, शिक्षा रोजगारपरक होने की तमाम खूबियों में आचार्यश्री की दूरदृष्टि सामाहित है। इसके पीछे बड़ा दिलचस्प और प्रेरणादायी किस्सा है। पदम विभूषण, इसरो के पूर्व अध्यक्ष एवं एनईपी कमेटी के चेयरमैन डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन नई शिक्षा नीति के मसौदे के सिलसिले में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिले तो उन्होंने चेयरमैन डॉ. कस्तूरीरंगन को सलाह दी थी कि उन्हें एक बार आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज से जरूर मिलना चाहिए और उनकी बेशकीमती राय जाननी चाहिए। राष्ट्रपति की सलाह पर चेयरमैन डॉ. कस्तूरीरंगन अपनी कमेटी के और सदस्यों-प्रो.टीवी कट्टीमनी, डॉ. विनयचन्द्र बीके, डॉ. पीके जैन इत्यादि के संग 21 दिसम्बर, 2017 को दर्शनार्थ और चर्चार्थ छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में विराजित आचार्यश्री से मिले। करीब 53 मिनट के इस बहुमूल्य संवाद और आशीर्वचन की झलक नई शिक्षा नीति में साफ-साफ दिखाई देती है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आप जिस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह आज हासिल हो सकता है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। मनोबल और आत्मविश्वास बना रहेगा। प्रभावशाली लोगों से अच्छे ताल मेल बनेंगे। आज अचानक धनलाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की आपको सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जाएगी।

**मिथुन राशि**-आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे, साथ ही आज किसी महत्वपूर्ण या राजनीतिज्ञ से मुलाकात फायदेमंद होगी। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है। आज कुछ अच्छे लोगों से भी आपकी मुलाकात होगी साथ ही आप कुछ नये विचारों पर काम कर सकते हैं।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम-धंधा अच्छा चलेगा। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में अच्छे दोस्त से सलाह मिल सकती है। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ रिश्ते में सुधार हो सकता है। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को कोई बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा। किसी सामाजिक समारोह में आपकी भागीदारी होगी।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में अभी और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

**मकर राशि**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे हो सकते हैं।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। जो काम जरूरी नहीं है उन कामों में अपना समय बर्बाद न करके रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे। आपको उतने ही बढिय़ा नतीजे भी मिलेंगे।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए स्पेशल होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा।

## शब्द सामर्थ्य -209

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 208 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सूडोकु नवताल- 7221

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7220 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## ख़ास ख़बर

### के पी कॉलेज मुरलीगंज के प्रांगण में एकल विद्यालय अभ्युदय यूथ क्लब खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



**मुरलीगंज** । के.पी. कॉलेज मुरलीगंज के परिसर में एकल विद्यालय अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने दौड़, कबड्डी, ऊंची कूद और लंबाई कूद जैसे खेलों में भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 33 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जो आगे जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और अंततः केंद्र स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता के अंत में चयनित छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। पहले पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 50 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार के लिए 30 हजार रुपए दिए जाएंगे। इस खेल कूद प्रतियोगिता में अंचल अभियान प्रमुख प्रशांत कुमार, खेल प्रमुख सुनील कुमार, और मुख्य अतिथि दिलीप कुमार यादव (बिहार प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य, जन सुराज पार्टी) के साथ डॉक्टर राजेश कुमार भी उपस्थित थे। इस आयोजन ने न केवल खेलों के प्रति छात्रों की रुचि को बढ़ावा दिया, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### स्नातक तृतीय खंड सत्र 2024-2025 में नामांकन 18 से 30 अक्तूबर तकः डा. जवाहर पासवान

**नामांकन हेतु आवश्यक अभिलेख**

- प्रथम खंड एवं द्वितीय खंड के अंकपत्र की छायाप्रति
- पप्रथम खंड एवं द्वितीय खंड प्रवेश पत्र की छायाप्रति
- पपंजीयन पत्र की छायाप्रति
- पद्वितीय खंड का नामांकन रसीद
- पआधार कार्ड की छायाप्रति




**मुरलीगंज**। के पी कॉलेज मुरलीगंज में पार्ट थर्ड का एडमिशन 18 अक्टूबर से शुरू हो रहा है।महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. जवाहर पासवान ने कहा कि यह नामांकन 30 अक्तूबर तक चलेगा। डा. पासवान ने कहा कि स्नातक प्रथम खंड उत्तीर्ण एवं द्वितीय खंड उत्तीर्ण/ प्रोमोटेड छात्र/छात्राएं स्नातक तृतीय खंड (कला, विज्ञान एंव वाणिज्य) सत्र 2024-2025 में नामांकन 18.10.2024 से 30.10.2024 तक ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन दिनांक 18.10.2024 से महाविद्यालय के वेबसाईट www.kpcollege.org & - www.bnmu.collegeesolution.org पर Admission Login कर नामांकन शुल्क जमा करें तथा Admission Payment receipt दो प्रति में निकाल कर सभी अभिलेखों के साथ महाविद्यालय काउन्टर पर जमा करें। Admission form काउन्टर से प्राप्त करें ।

**शुल्क विवरणीः** प्रायोगिक विषय के लिए -1450/- अप्रायोगिक विषय के लिए - 1350/- एस सी/एस टी के छात्र/छात्राओं एवं सभी कोटि की छात्राओं को कॉस्ट ऑफ रेमिटेंस के रूप में 100/- (एक सौ) रूपये का रसीद ऑन लाइन प्राप्त करना है। एस सी/एस टी के छात्र/छात्राओं को जाति प्रमाण-प्रत्र एवं आय प्रमाण-प्रत्र जो एक वर्ष के अवधि का संलग्न करना अनिवार्य है । विशेष जानकारी के लिए कार्यालय एवं सूचना पट का अवलोकन करें।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 में साईकिलिंग प्रतियोगिता आज से

## साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन पूर्णिया के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा : हरिओम झा



**पूर्णियॉ**। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 में आज गुरुवार क़ो साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन बेलोरी चौक पूर्णिया से मटिया चौक, रानीपतरा हाईवे तक सुनिश्चित हैं। इस प्रतिस्पर्धा में अंडर-,14, 17 एवं ओपन टू ऑल आयु वर्ग के बालक एवं बालिका प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन- 7 आयोजन समिति हरिओम झा ने कहा की पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 में पहली बार साइकिलिंग प्रतियोगिता क़ो जोड़ा गया हैं और ये बहुत ख़ुशी की बात हैं की इस आयोजन में काफी ज्यादा संख्या में प्रतिभागी के आवेदन प्राप्त हुए हैं, और आशा हैं की ये साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन पूर्णिया के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा । आयोजन क़ो ले कर हर उम्र के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह दिख रहा है। पूर्णिया में साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन बेलोरी चौक से मटिया चौक रानीपतरा के हाईवे पर सुबह 06:00 बजे से सुबह 09:30 तक होगी। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों की सूची निम्न प्रकार से हैं :- बालक अंडर-13 आयु वर्ग में अंशुमन झा, जय सिंह, जिशू दास, अंकुश रॉय, अजीत कुमार, अंकुर कुमार, सत्यम कुमार, राज, काश्यप सिंह, सन्नी कुमार, अंडर-17 बालक वर्ग में दीपक कुमार, विकाश कुमार, आर्यन तेजस, अमित कुमार, शुभम कुमार मिश्रा, यश देव, जूनियर ओराव, उज्जवल कुमार, फैसल गुफरान, आर्यन कुमार, मो तेज, सुशांत शेखर, मनीष कुमार शर्मा, गौरव कुमार झा, राधे कुमार, पुष्पा राज, प्रेम राज, मो शहजादा आलम, आयुष कुमार, जयजीत घोष, नीतीश कुमार, ओपन टू ऑल बालक वर्ग में प्रिंस कुमार दास, मो इरफ़ान सोनी, मो शाहंवाज आलम, मो अरबाई, मो तौकीर आलम, तालिब सिद्दीक़, मो युसूफ, मो अब्दुल रहमान, मो आदिल, आफताब आलम, मो तौक़ीर आलम, अमन कुमार, नवाब अली, तहसीम आजमी, सकिब आज़मी, सलीम, सरिनम अकरम, तौसिब रेजा, आरासजद, रहमतुल्ला, दिलशाद, शम्स राजा, फैज़ाम रहमानी, फौजम, अफराम, मो दिलसाद आलम, शकील खान, शहवाज, सुमित पाल, मो फैसल गुफरान, बहुया सिंह, ऋतिक राज, अमन कुमार, अंकित तृकी, प्रणव कुमार प्रवीण वही बालिकाओं की सूची मोक्षदा प्रियदर्शी, लाड़ली कुमारी, सुल्ताना प्रवीण, रजिया आफरीन, नूर जंहा प्रवीण, रानी कुमारी, शालिनी कुमारी, मधु कुमारी, खुशबु कुमारी, चंदा कुमारी, अंजलि कुमारी, नीतू कुमारी, पल्ल्वी कुमारी, नेहा कुमारी, मंसी कुमारी खेस, करीना कुमारी, नेहा कुजूर, राधा कुमारी, सुमन कुमारी, लक्की कुमारी, शोभा कुमारी, निम्मी कुमारी, ख़ुशी कुमारी, नंदिनी, नीतू कुमारी, नेहा कुमारी, प्रतिया, साक्षी, इराम कलीम।

## कलानंद नित्यानंद डिग्री कॉलेज बखरी कुर्साकांटा में जल्द शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया



**कुर्साकांटा** । के एन डिग्री कॉलेज बखरी में बहुत जल्द साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स संकाय में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यह सूचना कॉलेज के संस्थापक सह प्रधानाचार्य प्रो. त्रिलोक नाथ झा ने दी, जिससे स्थानीय छात्र-छात्राओं को एडमिशन के लिए इधर-उधर भटकने से मुक्ति मिलेगी।

**निर्णय की जानकारीः** प्रधानाचार्य प्रो. त्रिलोक नाथ झा की अध्यक्षता में शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों की एक बैठक में इस निर्णय पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत और राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिनियम के आलोक में कॉलेज को शैक्षणिक सत्र 2024-28 के लिए स्नातक कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए सहमति प्रदान की गई है।

**नियमित शैक्षणिक गतिविधियांः** बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी नियमित रूप से कॉलेज आएं और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने में योगदान दें।



**उपस्थित कर्मी व सदस्यः** बैठक में प्रो. आशीष कुमार मिश्र, प्रो. अजय कुमार मिश्र, प्रो. सुभाष कुमार मिश्र, प्रो. तेज कृष्ण मिश्र, प्रो. सबूही नाज, प्रो. पप्पु यादव, प्रो. रुपेश कुणाल, गोरी कान्त झा, उमेश झा, प्रकाश सिंह, कुमोद सिंह, शैलेश मिश्र, देवेन्द्र मिश्र, संतोष चौधरी सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। इस नई पहल के साथ, कुर्साकांटा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अब अपनी उच्च शिक्षा की दिशा में एक उचित अवसर प्राप्त होगा। कॉलेज प्रशासन ने सभी आवश्यक कदम उठाने की तैयारी कर ली है, जिससे नामांकन प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सके।

## कुआड़ी पुलिस ने 265 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरफ के साथ तीन अभियुक्तों को रंगे हाथ किया गिरफ्तार



**कुर्साकांटा** । कुआड़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 265 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरफ के साथ तीन अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई [समय] पर की गई, जब सूचना मिली कि आरोपी अवैध रूप से दवा का व्यापार कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने छापेमारी की और तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से बरामद कफ सिरफ को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि यह दवा अवैध रूप से बेची जा रही थी, जो समाज में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम की प्रशंसा की और अवैध व्यापार के खिलाफ अभियान जारी रखने का संकल्प लिया है।

## बी एन मंडल विश्वविद्यालय के अनुदानित डिग्री कॉलेजों में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का वर्गकक्ष बहिष्कार का निर्णय

### छठ पर्व के बाद वर्गकक्ष बहिष्कार आंदोलन शुरू करने की बनाई गई है योजना

**दैनिक शुभ भास्कर,मधेपुरा** । बी एन मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत अनुदानित डिग्री कॉलेज शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में सर्वसम्मति से अनुदान के बदले वेतनमान की मांग को लेकर कॉलेजों में वर्गकक्ष बहिष्कार का निर्णय लिया गया।



**बैठक का आयोजनः** बैठक का आयोजन शहर के श्री कृष्ण मंदिर गौशाला में हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुदानित डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रो. मनोज भटनागर ने की।

**शिक्षकों के विचारः** बैठक में कई शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए प्रो. बिजेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि पिछले आंदोलनों के बाद ही राज्य सरकार ने कॉलेजों को छात्र उत्तीर्णता के आधार पर अनुदान देने की प्रक्रिया शुरू की थी। उन्होंने मजबूत आंदोलन की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. सुलेन्द्र कुमार ने बताया कि अब वर्गकक्ष बहिष्कार के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मांग पत्र भेजने और न्यायालय में अर्जी लगाने की आवश्यकता को बताया।

**प्रशासन की भूमिकाः** बैठक में यह भी कहा गया कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने स्तर से विभिन्न कॉलेजों में विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों को नियुक्त तो करता है, लेकिन ये प्रतिनिधि ईमानदारी से काम नहीं करते। इस पर नाराजगी व्यक्त की गई और यह तय किया गया कि अब उनकी गतिविधियों की भी निगरानी की जाएगी।

**आंदोलन की रणनीतिः** छठ पर्व के बाद वर्गकक्ष बहिष्कार आंदोलन शुरू करने की योजना बनाई गई है। शिक्षकों ने एकजुटता के साथ अपनी आवाज उठाने का निर्णय लिया।

**सरकारी आदेशों की अवहेलनाः** बैठक में शिक्षकों ने राज्य सरकार द्वारा आंतरिक श्रोत की 70 प्रतिशत राशि शिक्षकों के वेतन मद में खर्च करने के आदेश की अवहेलना पर भी नाराजगी व्यक्त की।

**परीक्षा मूल्यांकन मदः** बैठक में विभिन्न परीक्षा से संबंधित मूल्यांकन मद की राशि का अविलंब भुगतान करने की मांग की गई। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि यह राशि समय पर मिलनी चाहिए ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

**उपस्थित कॉलेज के कर्मीः** बैठक में निम्नलिखित कॉलेजों के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थेः मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा आदर्श कॉलेज, घैलाड़ बनवारी शंकर कॉलेज, सिमराहा, सहरसा के एन डी कॉलेज, राघोपुर आर पी एम कॉलेज, तुनियाही, मधेपुरा डिग्री कॉलेज, सुपौल एल एन सी कॉलेज, बनगांव, सहरसा ए एल वाई कॉलेज, त्रिवेणीगंज, सुपौल सीएम साईस कॉलेज, मधेपुरा एस ए के एन डी कॉलेज, पथराहा, मधेपुरा

**निष्कर्षः** बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि शिक्षक समुदाय अपने अधिकारों के लिए एकजुट है। यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे सख्त कदम उठाने के लिए तैयार हैं। यह आंदोलन न केवल वेतनमान के लिए, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और मानकों को बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

# अररिया आर एस के लापता व्यवसायी अजय अग्रवाल सकुशल बरामद, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मिली सफलता

**दैनिक शुभ भास्कर,अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा**। आर एस के चर्चित व्यवसायी अजय अग्रवाल, जो हाल ही में रहस्यमय तरीके से गायब हो गए थे, को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। उनकी अचानक गुमशुदगी ने न केवल व्यापार जगत में हलचल मचाई, बल्कि स्थानीय समुदाय में भी हड़कंप मचा दिया था।

**एसआईटी का गठनः** पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया, जिसका नेतृत्व एएसपी राम पुकार सिंह ने किया।

**जांच की प्रक्रियाः** एसआईटी ने सबसे पहले अजय अग्रवाल के मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकाला। इस जांच से पता चला कि उन्होंने सीमांचल एक्सप्रेस में टिकट बुक कराया था। पुलिस ने उनकी मोबाइल लोकेशन को ट्रैक किया, जो पहले दिल्ली और फिर वाराणसी में मिली। तकनीकी जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दिल्ली पहुंचने के बाद अग्रवाल ने नया मोबाइल नंबर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें ट्रेस करना मुश्किल हो गया था।

**बरामदगी की सफलताः** पुलिस की टीम ने बिना देरी किए वाराणसी में पहुंचकर व्यापारी को सुरक्षित बरामद किया। एसपी अमित रंजन ने बताया कि अजय अग्रवाल को अररिया लाया जा रहा है, लेकिन उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अधिक पूछताछ नहीं हो सकी है।





**व्यापार जगत में राहतः** व्यापारी के सकुशल मिलने से अररिया के व्यापारियों और स्थानीय जनता ने राहत की सांस ली है। हालांकि, अजय अग्रवाल के अचानक गायब होने की असली वजह अब तक स्पष्ट नहीं है, और पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है।

**सुरक्षा के सवालः** इस घटना ने न केवल व्यापारिक हलकों में चिंता फैलाई, बल्कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने यह साबित किया कि कानून व्यवस्था सही दिशा में कदम बढ़ा रही है। पुलिस की कार्रवाई की प्रशंसा हो रही है, लेकिन यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों बनी, जिससे अग्रवाल को अचानक गायब होना पड़ा। क्या यह व्यापारिक रंजिश थी या कोई व्यक्तिगत कारण? जांच के नतीजे इस बात पर रोशनी डाल सकते हैं, लेकिन यह मामला सिर्फ व्यापारी समुदाय ही नहीं, बल्कि पूरे शहर की सुरक्षा के लिए एक बड़ा सवाल बनकर सामने आया है।

## युवाओं को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति किया जा रहा जागरूक

- जिले में संचालित किया जा रहा है 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान
- सामुदायिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है तंबाकू का सेवन

**दैनिक शुभ भास्कर, अररिया** । युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। 60 दिवसीय इस अभियान की शुरूआत केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा द्वारा बीते 24 सितंबर को की गयी। युवाओं द्वारा तंबाकू के उपयोग की शुरूआत को रोकना व उपयोगकर्ताओं को तंबाकू जनित रोगों से बचाने के उद्देश्य से अभियान के क्रम में जिले में जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि युवाओं को तंबाकू जनित रोगों के कुप्रभाव से बचाया जा सके। जागरूकता संबंधी गतिविधियों का हो रहा आयोजन साइकोलॉजिस्ट शुभम कुमार ने बताया कि अभियान के क्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान व तंबाकू मुक्त गांव बनाने को लेकर जरूरी पहल की जा रही है। कोटपा 2003 के तहत विशेष अभियान संचालित करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन करते पाये जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। गंभीर स्वास्थ्य चुनौति का रूप ले चुका है तंबाकू का सेवन जिला गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन जिले में गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। विशेष रूप से युवाओं के बीच इसका इसका बढ़ता उपयोग चिंताजनक है। तंबाकू मुक्त युवा अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू सेवन के खतरों के प्रति जागरूक करना व उन्हें इस बुरी आदत से दूर रखना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसे लेकर विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेज, सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता अभियान संचालित कर लोगों को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को इस बुरी लत को त्यागने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।



## डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का पटना साइंस कॉलेज में योगदानः शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय

- रानीगंज के लाल की इस उपलब्धि पर बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक व्यक्तित्वों ने हर्ष व्यक्त किया
- डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का पटना साइंस कॉलेज में योगदान एक महत्वपूर्ण कदम है जो न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता लाएगा, बल्कि छात्रों और समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उनका अनुभव, ज्ञान और समर्पण इस कॉलेज को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाने में मदद करेगा

**दैनिक शुभ भास्कर,पटना/ रानीगंज** ।

विश्वविद्यालय चयन आयोग, पटना द्वारा चयनित डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का पटना साइंस कॉलेज के गणित विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में योगदान करना समाज के लिए एक गर्व का विषय बन गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. देवेंद्र नाथ ठाकुर के समक्ष अनेक बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक व्यक्तित्वों ने हर्ष व्यक्त किया।

**पारिवारिक पृष्ठभूमिः** डॉ. अभिषेक रानीगंज नगर पंचायत के दीवानटोला निवासी हैं। उनके पिता रामकुमार मुकुल एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती मीनाक्षी देवी एक कुशल गृहिणी हैं। उनके दादा प्रो (डॉ.) उपेंद्र नारायण सिंह टी पी कॉलेज, मधेपुरा में हिंदी विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। परिवार की शैक्षणिक परंपरा ने डॉ. अभिषेक को हमेशा प्रेरित किया है।

**शैक्षणिक उपलब्धियाँः** डॉ. अभिषेक ने कॉलेज ऑफ कॉमर्स, पटना से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की, जहाँ उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडलिस्ट बने। उन्होंने अपने शोध कार्य में सापेक्षता और ब्रह्मांड संबंधी मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया। इस क्षेत्र में उन्होंने 40 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित किए हैं।

**शोध और सम्मानः** डॉ. अभिषेक ने 25 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिसमें से कई प्रस्तुतियों को उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त हुआ। अब तक वे शोध के क्षेत्र में 6 प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर चुके हैं, जो उनके समर्पण और मेधा का प्रतीक है।



**समाज की प्रतिक्रियाएँः** इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करने वालों में अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह, एमएलसी डॉ. एन के यादव, डॉ. सजीव कुमार सिंह, वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार आलोक, उप प्रधानाचार्य डॉ. नूतन आलोक, प्रो सूर्यानंद सिंह, प्रो बुद्धिनाथ सिंह, प्रो योगेंद्र यादव, सरदार ठाकुर और चंदन सिंह जैसे कई प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हैं। डॉ. अभिषेक का यह चयन न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का फल है, बल्कि यह उनके परिवार और समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। उनके कार्य से न केवल शिक्षा का स्तर ऊँचा उठेगा, बल्कि युवा पीढ़ी को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का पटना साइंस कॉलेज में योगदान एक महत्वपूर्ण कदम है जो न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता लाएगा, बल्कि छात्रों और समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उनका अनुभव, ज्ञान और समर्पण इस कॉलेज को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाने में मदद करेगा।

# नीरज चोपड़ा, मनु भाकर होंगे महिला आयोग के ब्रॉड एंबेसडर





**चंडीगढ़, एजेंसी।** महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी।

युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए हरियाणा महिला आयोग एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है।

इसको लेकर खेलों के क्षेत्र में दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने वाले नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, नवदीप श्योराण, प्रणव सूरमा समेत 20 ओलंपियन को आयोग ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाने की तैयारी कर रहा है। महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी, लेकिन प्रदेश के 20 ओलंपियन को महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाना तय है।

महिला आयोग की तरफ से 20 अक्तूबर को पानीपत में एक कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। आयोग की तरफ से इन सभी 20 ओलंपियन को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों से संपर्क किया जा रहा है।

### जिलों में कार्यक्रम आयोजित कराएगा आयोग

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि आयोग की तरफ से प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इसके तहत आयोग की तरफ से अलग-अलग जिलों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित कराए जाएंगे। जिस जिले में जागरूकता कार्यक्रम होगा, उस जिले के 20 से 25 स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में आने वाले ब्रॉन्ड एंबेसडर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे। ये महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर भी युवाओं को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि महिला आयोग का स्लोगन है कि गलत नशे

### से दूर रहो, खेल का नशा करो।

महिला आयोग युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान पर काम करेगा। इसी के तहत प्रदेश के 20 ओलंपियन को राज्य महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेडसर बनाया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 20 अक्तूबर को पानीपत में कार्यक्रम आयोजित कर इसकी अधिकारिक घोषणा भी कर दी जाएगी।



#### आशालता के नाम दर्ज होगा रिकॉर्ड

# 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनेंगी

**काठमांडू, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यहां जारी बयान में कहा, मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी।

कप्तान आशालता देवी पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को यहां सैफ चैंपियनशिप के शुरुआती मैच के लिए मैदान पर उतरेंगी तो 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन जाएंगी। मणिपुर की 31 साल कि इस खिलाड़ी ने मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व टूर्नामेंट में भारत के लिए पदार्पण किया। तब से इस स्टार डिफेंडर ने एक लंबा सफर तय किया है।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने जारी बयान में कहा, मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी। आशालता को 2008 में भारत की अंडर-17 टीम के लिए बुलाया गया था जब वह 15 साल की थीं।

इम्फाल में जन्मी इस खिलाड़ी ने 13 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया। वह शुरुआत में भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम में थी और 2015 में मालदीव के न्यू रेडियंट महिला फुटबॉल क्लब में शामिल हुईं। उन्होंने इसके बाद भारत में इंडियन वुमेन लीग में राइजिंग स्टूडेंट क्लब (कटक), केआरवाईपीएचएसए (इम्फाल), सेतु (मदुरै) और गोकुलम केरल का प्रतिनिधित्व किया। वह फिलहाल ईस्ट बंगाल के साथ हैं।

आशालता ने यहां पहुंचने के बाद कहा, मैं उत्साहित और खुश हूं कि मैं पाकिस्तान के खिलाफ अपना 100वां मैच खेलूंगी। हमारा ध्यान हालांकि सभी मैचों को जीतकर ट्रॉफी को घर वापस ले जाने पर होगा। नेपाल आने का यही मुख्य सपना और मकसद है। उन्होंने कहा, मैं चैंपियनशिप के सभी मैचों का इंतजार कर रही हूं क्योंकि यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमें पिछले सैफ में पहले ही झटका लग चुका है, लेकिन इस बार यह अलग होगा। भारत 2022 सत्र में खिताब का बचाव करने में विफल रहा था।

## सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी बनी NCL चैम्पियंस शिकागो क्रिकेट क्लब के लिए यादगार



**डलास, एजेंसी।** चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप में शिकागो क्रिकेट क्लब को विजेता की ट्रॉफी प्रदान करके उनके लिये इसे यादगार पल बना दिया। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में अटलांटा क्रिकेट क्लब को फाइनल में हराकर खिताब जीता। दुनिया भर में एनसीएल को ढाई अरब से अधिक लोगों ने देखा। तेंदुलकर ने शिकागो के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी दी, दर्शकों से बात की, हाथ मिलाया और तस्वीरें भी खिंचवाई। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और यहां डलास में फाइनल देखकर और ट्रॉफी विजेता को देकर बहुत अच्छा लग रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।



## टी-10 लीग खेलते दिखेगा चंद महीनों पहले रिटायर हुआ भारतीय क्रिकेटर, राशिद खान-जोस बटलर भी होंगे हिस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर राशिद खान, इंग्लैंड के व्हाइट बॉल कैप्टन जोस बटलर और इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक उन हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 2024 अबू धाबी टी10 में खेलते दिखेंगे। बांग्ला टाइगर्स ने राशिद और कार्तिक को चुना, जबकि डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने मार्कस स्टोइनिस के साथ बटलर को भी अपने साथ जोड़ा। रिपोर्ट के अनुसार बटलर को निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और महेश तीक्ष्णा के साथ खेलते देखा जाएगा, जिन्हें ग्लेडिएटर्स ने रिटेन किया था। इस बीच, तीक्ष्णा के श्रीलंकाई टीम के साथी मतिशा को पथिराना न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने अपने साथ जोड़ लिया है। स्ट्राइकर्स, पिछली बार की विजेता है। उसने अपने कोर खिलाड़ियों कीरोन पोलार्ड, सुनील नरेन, अकील हुसैन, मोहम्मद आमिर को रिटेन किया है।

### कार्तिक ने तीसरा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट साइन किया

यूएई के मुहम्मद वसीम और मुहम्मद जवादुल्लाह की जोड़ी को भी टी10 फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है। दोनों आईएलटी20 में शारजाह वारियर्स के लिए भी खेल चुके हैं। अबू धाबी टी10, कार्तिक द्वारा साइन किया गया तीसरा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है। इससे पहले उन्होंने लीजेंड्स लीग 2024 और एसए20 2025 में हिस्सा लिया था। इससे पहले उन्होंने अंतराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। 39 वर्षीय कार्तिक को आईपीएल 2025 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का बैटिंग कोच और मेंटर भी नियुक्त किया गया था।

### कार्तिक के साथ खेलते दिखेंगे शाकिब

हाल ही में अपने टी20 क्रिकेट को अलविदा कहने वाले शाकिब अल हसन अबू धाबी टी10 में टाइगर्स में कार्तिक और आयरलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश लिटिल साथ खेलते दिखेंगे। नॉर्दर्न वॉरियर्स में फिन एलन के साथ ट्रेंट बोल्ट फिर से खेलते दिखेंगे, जबकि लॉकी फर्ग्यूसन टीम अबू धाबी में शामिल हुए, जिसने जॉनी बेयरस्टो और शिमरॉन हेटमायर को भी साइन किया। इस सीजन में अबू धाबी टी10 का विस्तार दस टीमों की लीग में होगा, जिसमें बोल्ट अजमान और यूपी नवाब नई टीमें हैं।

# एक ओवर में 6 चौके 7 बल्लेबाजों ने जमाए, फिर श्रीलंका के पथुम निसंका का ऐसा करना सबसे अलग क्यों?



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टी-टी-20 मुकाबला 15 अक्टूबर को दांबुला में खेला गया. इस मैच में श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को हराकर पहले टी-20 में मिली हार का हिसाब बराबर कर लिया. श्रीलंका ने दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 73 रन से हराया, जिसके साथ ही 3 टी-20 की सीरीज अब रोमांचक मोड़ पर आ चुकी है. दूसरे टी-20 में श्रीलंका तो जीत गई. लेकिन उसके बल्लेबाज पथुम निसंका ने जो हाल वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमर जोसेफ का किया, उसकी चर्चा सारी ओर है. निसंका ने जोसेफ के एक ओवर में 6 चौके लगाए. सवाल ये है कि अब तक 7 बल्लेबाज ऐसा कर चुके हैं, फिर निसंका का किया ये कारनामा सबसे अलग कैसे हुआ?

### पथुम निसंका ने एक ओवर में लगाए 6 चौके

पथुम निसंका ने दूसरे टी-20 में शमार जोसेफ के खिलाफ एक ही ओवर में 6 चौके, श्रीलंकाई पारी के चौथे ओवर में जमाया. इस ओवर में लगातार 6 चौके जड़ते हुए पथुम निसंका ने शमर जोसेफ के खिलाफ 25 रन बनाए. इसमें एक रन वाइड का भी शामिल है. शमर जोसेफ की तीसरी गेंद वाइड रही थी. कैरेबियाई गेंदबाज के खिलाफ श्रीलंकाई बल्लेबाज के टूटे कहर का ये वीडियो अब सुर्खियों में है.

### 6 चौके जड़ना सबसे अलग क्यों?

अब सवाल है कि एक ओवर में 6 चौके पहले भी लगे हैं, फिर पथुम निसंका पिछले सारे बल्लेबाजों से अलग कैसे हुए? क्यों उनका एक ओवर में 6 चौके लगाना सबसे अलग हुआ? इस सवाल का जवाब है टी20 इंटरनेशनल मैच. बेशक, पथुम निसंका एक ओवर में 6 चौके लगाने वाले दुनिया के 7वें और तिलकरत्ने दिलशान के बाद श्रीलंका के दूसरे बल्लेबाज हैं. लेकिन, टी20 इंटरनेशनल में ऐसा करने वाले वो पहले बल्लेबाज हैं. बस यही वजह है उनके बाकियों से अलग होने की. निसंका से पहले इन्होंने लगाए एक ओवर में 6 चौके

पथुम निसंका से पहले जिन 6 बल्लेबाजों ने एक ओवर में 6 चौके लगाए, उनमें संदीप पाटिल (टेस्ट), क्रिस गेल (टेस्ट), अजिंक्य रहाणे , तिलकरत्ने दिलशान (वनडे), रामनरेश सरवन (टेस्ट) और पृथ्वी शॉ शामिल हैं.

### श्रीलंका की जीत के हीरो बने निसंका

जहां तक वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में पथुम निसंका के ओवरऑल प्रदर्शन की बात है तो उन्होंने ओपनिंग करते हुए 49 गेंदों पर 54 रन बनाए, जो कि उनके टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है. इस पारी के दौरान निसंका ने कुसल मेंडिस के साथ टी-20 में 1000 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप पूरी की और ऐसा करने वाली श्रीलंका की पहली जोड़ी बने.

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद लियोनेल मेसी का बयान

### बताया संन्यास को लेकर क्या है प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल जगत में पिछले दो दशकों से अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों अंतरराष्ट्रीय और प्रोफेशनल फुटबॉल में एक-दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं।

मंगलवार को मेसी ने रोनाल्डो का सबसे ज्यादा हैट्रिक का रिकॉर्ड तोड़ा। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद मेसी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी बड़ी बात कही। वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था।

37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी की पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के किए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी। यह मेसी के करियर की 10वीं अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक थी। इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी की। वह दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10 हैट्रिक लगाई है।

दोनों सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने वाली खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने मैच को लेकर कहा, 'यहां आकर, लोगों का प्यार महसूस करके बहुत अच्छा लगता है, जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं, उससे मैं बहुत प्रभावित होता हूं। यह मुझे प्रेरित करता है। मैं जहां हूं, वहां खुश रहना पसंद करता हूं। अपनी उम्र के बावजूद, जब मैं यहां आता हूं, तो मैं खुद को एक बच्चे की तरह महसूस करता हूं क्योंकि मैं इस टीम के साथ सहज हूं। रिटायरमेंट को लेकर मेसी ने कहा, 'मैंने अपने करियर की कोई डेडलाइन नही सोची है। जब तक मैं अच्छा महसूस करता हूं और अपनी इच्छानुसार प्रदर्शन कर सकता हूं, मैं इसका आनंद लेता रहूंगा'।

#### भारत-न्यूजीलैंड टेस्टः

# बारिश के कारण बिना टॉस के रद्द हुआ पहले दिन का खेल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल बुधवार को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस दौरान टॉस भी नहीं हो सका। बेंगलुरु में बारिश की शुरुआत सुबह सात बजे से हुई और पूरे दिन लगभग चलती रही।



अंतिम सत्र दोपहर 2:45 से 4:45 बजे तक होगा। शाम को ओवर पूरा ना होने पर खेल को आधे घंटे के लिए बढ़ाया जा सकता है। पहले दिन के खेल को जब 2.30 बजे रद्द घोषित किया गया, तो बारिश और तेज हो गई। हालांकि दूसरे दिन फिर से बारिश का ही पूर्वानुमान है। यूं तो चिन्नास्वामी स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम बहुत अच्छा है और एक मिनट में लगभग 10 हजार लीटर पानी को ड्रेन कर सकता है। लेकिन एक और बाधा यह भी है कि खराब मौसम के कारण ब्रॉडकास्टर हॉकआई को भी फॉर्मेट करके नए मैच के लिए तैयार नहीं कर सके हैं। इसमें लगभग एक घंटा लग सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों टेस्ट मैचों में जीत से भारत की अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी।

#### एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी

# 21 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा पहला मुकाबला

**मेलबर्न, एजेंसी।** एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को शेड्यूल का ऐलान किया। इसके अनुसार 142 साल पुरानी इस सीरीज का पहला मुकाबला 21 से 25 नवंबर के बीच पर्थ में खेला जाएगा। 1982-83 के बाद पहली बार इस सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिसबेन की बजाय पर्थ में हो रहा है। इस बार इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही है। पिछले सीजन में सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। तब ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड का दौरा किया था। दुनिया की सबसे पुरानी सीरीज द एशेज की शुरुआत 1882 में हुई थी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 1877 से टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। दुनिया का पहला टेस्ट मैच भी इन्हीं देशों के बीच खेला गया था। यह मुकाबला 15 से 19 मार्च 1877 को मेलबर्न में



खेला गया। बाद में इसी सीरीज का नाम एशेज पड़ा। कंगारुओं ने 34 सीरीज जीतीं, इंग्लैंड ने 32 ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुई एशेज में ऑस्ट्रेलिया का पल?ा भारी है। अब तक दोनों देशों के बीच 73 सीरीज खेली गई हैं। इसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 34 सीरीज जीतीं। वहीं इंग्लैंड ने 32 सीरीज अपने नाम की हैं। बाकी की बची 7 सीरीज ड्रॉ रहीं।

डॉन ब्रैडमैन आज भी एशेज के टॉप स्कोरर एशेज सीरीज के टॉप 5 बैटर में से 3 ऑस्ट्रेलिया के हैं। इन बल्लेबाजों में सबसे पहला नाम डॉन ब्रैडमैन का आता है। ब्रैडमैन ने साल 1928 से साल 1948 के बीच 37 मैच में 5048 रन स्कोर किए। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर के टॉप बैटर जैक हॉब्स हैं। साल 1908 से 1930 के बीच हॉब्स ने 41 मैच में 3636 रन बनाए। एक्टिव प्लेयर्स में स्टीव स्मिथ टॉप पर हैं, उन्होंने 37 मैच में 3417 रन बनाए हैं। इसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट हैं। रूट ने 34मैच में 2428 रन स्कोर किए।

शेन वॉर्न ने लिए हैं सबसे ज्यादा विकेट एशेज के टॉप 5 गेंदबाजों में भी ऑस्ट्रेलिया के 4 शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के लीजेंडरी स्पिनर शेन वॉर्न टॉप पर हैं। उन्होंने साल 1993 से 2007 के बीच 36 मैच में 195 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड की ओर से टॉप विकेट टेकर स्टुअर्ड ब्रॉड हैं।

मुद्रक- स्वामी- प्रकाशक, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारा शुभ - लाभ प्रिंटर्स , मावली उदयपुर, राजस्थान, 313203 / प्रधान संपादकः उमेश कुमार, मो.नं. +91 96259 58256 / संपादक : अनिल कुमार मिश्र, मो.नं. +91 98 5231 5231 / विधि सलाहकार : अरविंद कुमार भारद्वाज "अधिवक्ता" इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तरप्रदेश , मो.नं. +91 96953 96700 / प्रधान कार्यालय : HNo- 616 / 156 /1, सेमरा गौढ़ी, सीतापुर रोड मड़ियांव, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226013, मो. नं. +91 96259 58256 / बिहार - झारखंड, प्रदेश कार्यालय : (नजदीक जिला केन्द्रीय पुस्तकालय) पुरानी जीटीरोड़ , औरंगाबाद (बिहार), 824101, मो.नं. +9198 5231 5231 / दैनिक शुभ भास्कर RNI UPHIND 2015 /64737. पी. आर. बी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु ज़िम्मेदार, सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।